*    ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 242

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



127 साल के सबसे फिट योग गुरु पद्मश्री शिवानंदः भूख से मां-बाप की मौत हुई तब से आधा पेट खाना खाते, उपलब्धि ऐसी कि पीएम मोदी भी मुरीद


पंचायती राज, राजस्व, वित्त एवं खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत

## 2,550 पद हेतु नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज तथा संसदीय कार्य विभाग

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, योजना एवं विकास, वित्त, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग

**नियुक्तियों का विवरण -**

पंचायती राज विभाग अंतर्गत
**1,633 पंचायत सचिव**

राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग अंतर्गत
**707 निम्न वर्गीय लिपिक**

वित्त विभाग अंतर्गत
**166 निम्न वर्गीय लिपिक**

खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत
**44 निम्न वर्गीय लिपिक**



**दिनांक : 22 जून, 2023 | समय : अपराह्न 01:00 बजे**
**स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची**

P.R. 300591 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 55,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 72,000 रु./प्रति किलो |



# मोदी के अमेरिका दौरे ने एक बार फिर बजाया भारत का डंका

## ■ द्विपक्षीय संबंधों से लेकर वैश्विक मुद्दों पर भारत के रुख से अवगत हुई दुनिया

## ■ मोदी ने बाइडेन के साथ अपनी 'केमिस्ट्री' पर चढ़ाया दोस्ती का नया रंग

## ■ इसलिए चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के दुश्मनों को लग रही है मिर्ची

**आजाद सिपाही विशेष**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की राजकीय यात्रा पर हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से दुनिया को योग का महत्व दिखानेवाले पीएम मोदी की इस यात्रा के महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि उनकी यात्रा का सारा खर्च अमेरिका वहन कर रहा है। अमेरिका से यह सम्मान पानेवाले वह दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी यह पहली राजकीय यात्रा इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि पीएम मोदी दूसरी बार अमेरिकी संसद को संबोधित करनेवाले हैं और ऐसा करनेवाले वह भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। यह तो भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को नया स्वरूप देने की कवायद कही जा सकती है, लेकिन पीएम मोदी की यह यात्रा दुनिया भर में भारत का कूटनीतिक परचम लहराने का एक बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है। पिछले महीने जिस तरह पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी के पैर छुए और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने उन्हें 'दुनिया का बॉस' कह कर संबोधित किया, उससे कूटनीतिक मोर्चे पर पीएम मोदी की स्वीकार्यता सामने आयी थी, लेकिन अब ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने खुद को मोदी का फैन बता कर साबित कर दिया है कि आज दुनिया में मोदी जैसा वैश्विक नेता दूसरा कोई नहीं है। इसलिए चीन और पाकिस्तान जैसे भारत के दुश्मन देशों को मोदी की इस यात्रा से मिर्ची लग रही है। पीएम मोदी के इस ऐतिहासिक दौरे के तमाम पहलुओं को इस रिपोर्ट में समेट रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर योग कर दुनिया का नेतृत्व किया। पीएम मोदी के इस दौरे पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। पीएम मोदी का यह दौरा इस लिहाज से खास है, क्योंकि इसका सारा खर्च अमेरिका वहन कर रहा है। पीएम मोदी यह सम्मान पानेवाले भारत के दूसरे प्रधानमंत्री हैं। तीन दिन की इस यात्रा के पहले दिन जिस तरह ट्विटर के मालिक एलन मस्क ने पीएम मोदी से मुलाकात कर खुद को उनका 'फैन' बताया है, उससे साफ हो गया है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री इस समय दुनिया के सबसे ताकतवर देश के दिलो-दिमाग में ही नहीं, पूरी दुनिया के दिलों में राज कर रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच जब पूरी दुनिया दो गुटों में बंटी नजर आ रही है, ऐसे में भारत के लिए ग्लोबल मंच पर अपनी उपस्थिति मजबूत करना बड़ी चुनौती साबित हो रही थी, लेकिन अपनी दमदार कूटनीति के दम पर पीएम मोदी दुनिया के इस शक्ति संतुलन में मजबूती से भारत का पक्ष रख रहे हैं। उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान यह साबित भी हो रहा है। इससे पहले ओबामा और ट्रंप के कार्यकाल में भी अमेरिका और भारत के रिश्ते काफी मजबूत रहे, लेकिन राष्ट्रपति बाइडेन ने पहली बार पीएम मोदी को राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया है। अमेरिका ऐसा निमंत्रण सिर्फ बहुत खास सहयोगी देशों के नेताओं को देता है। इस दौरे से जहां वैश्विक मंच पर शक्ति संतुलन में भारत मजबूत होगा, वहीं एशिया के शक्ति संतुलन में चीन के मुकाबले में व्यापार और रक्षा सौदों के जरिये भी भारत खुद को मजबूत करता हुआ दिख रहा है। इसलिए पीएम मोदी का यह दौरा भारत और अमेरिका के रिश्तों के पूरे आयाम को भी बदलता हुआ दिख रहा है।

### दौरे पर चीन ने गड़ा रखी हैं निगाहें

पीएम मोदी की इस अमेरिका यात्रा पर भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।



चीन भी पीएम मोदी के दौरे पर बारीकी से नजर रख रहा है। भारत और अमेरिका की बढ़ती नजदीकियों ने चीन को चिंता में डाल दिया है। अपनी चिंता को छिपाने के लिए वह इस तरह की बातें कह रहा है कि अमेरिका और भारत के रिश्ते कभी चीन और भारत जैसे नहीं हो सकते और दोनों के बीच व्यापार चीन जितना नहीं बढ़ सकता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के कद को देखते हुए अमेरिका के नेता भी पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। कई नेताओं ने इस यात्रा को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है। पीएम मोदी के इस दौरे पर दोनों देशों के बीच रक्षा, व्यापार, तकनीक और रणनीतिक सौदे होंगे। इस दौरे में रक्षा सौदा सबसे अहम माना जा रहा है। पीएम के इस दौरे पर भारत-अमेरिका के बीच भारत को महाशक्ति बनानेवाला अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा होनेवाला है। इससे भारत की ताकत कई गुना बढ़ जायेगी।

### अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन भारत को ट्रांसफर

रक्षा मंत्रालय ने पिछले हफ्ते अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन 31 एमक्यू-9बी की खरीद को हरी झंडी दी थी। माना जा रहा है कि पीएम मोदी प्रीडेटर ड्रोन की खरीद के तीन बिलियन डॉलर के इस सौदे का ऐलान कर सकते हैं। अमेरिका का यह बेहद खतरनाक ड्रोन 12 सौ किलोमीटर तक मार करने की क्षमता रखता है। तालिबान और आइएसआइएस के खिलाफ अमेरिका ने इन ड्रोनों के जरिये अचूक हमले किये। भारत को अपनी लंबी समुद्री सीमा और थल सीमा की निगरानी के लिए भी इस ड्रोन की खास जरूरत थी। माना जा रहा है कि सौदा तय होने के बाद भारतीय नौसेना को 14 और सेना-वायुसेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे। चीन के साथ हिंद महासागर में चल रहे पावर गेम के लिहाज से ये ड्रोन भारत के लिए काफी काम के साबित होंगे। हिंद महासागर में इनकी तैनाती से भारतीय नौसेना को चीनी मंसूबों को फेल करने, उन पर निगरानी रखने और बढ़-चढ़ कर अपने मिशन को चलाने में मदद मिलेगी।

### भारत में बनेंगे जेट इंजन

राफेल विमानों के आने से बदले वायु रक्षा शक्ति के बाद अब भारत चीन का मुकाबला करने के लिए अपने लड़ाकू विमानों की तादाद तेजी से बढ़ाने की ओर कदम उठा रहा है। इस वक्त तेजस मार्क-2 के लिए नये इंजन की जरूरत थी। पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे में जीइएफ 414 इंजन का निर्माण भारत में होने पर मुहर लग जायेगी। इससे जेट इंजन भारत में बनने लगेगा। इसके लिए अमेरिका टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर सहमत हो गया है। इस कदम से फाइटर जेट को लेकर भारत की निर्भरता दूसरे देशों पर कम होगी और देसी तकनीक के जरिये हवाई ताकत बढ़ाने की दिशा में हम आगे बढ़ पायेंगे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बजा भारत का डंका

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अमेरिका में होनेवाले कार्यक्रम का डंका पूरी दुनिया में बजा है, क्योंकि इस आयोजन में 180 देशों के लोग शामिल हुए। इसमें राजनयिकों से लेकर कलाकार, शिक्षाविद और उद्यमी तक शामिल रहे। योग के बहाने ही एक बार फिर दुनिया ने भारत की सॉफ्ट पावर का नमूना देखा। दरअसल योग का अंतरराष्ट्रीयकरण करते हुए 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून के दिन को योग दिवस के तौर पर मनाने की मंजूरी दी थी।

पीएम मोदी का यह दौरा इसलिए भी खास है, क्योंकि इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस बार उन्हें आधिकारिक रात्रिभोज पर आमंत्रित किया है। इतना ही नहीं, एक बार दोनों नेता निजी तौर पर राष्ट्रपति बाइडेन के आवास पर रात्रिभोज पर मिलेंगे। अमेरिका इतना सम्मान उंगली पर गिनने लायक देशों के नेताओं को ही देता है। बाइडेन द्वारा पीएम मोदी को दिये जा रहे इस ट्रीटमेंट से भारत के बढ़ते हुए कद का भी अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस तरह पीएम मोदी का यह अमेरिका दौरा ऐतिहासिक होने के साथ भारत की कूटनीतिक रणनीति के लिए महत्वपूर्ण भी है। पीएम मोदी जिस तेजी से दुनिया भर में अपनी छाप छोड़ रहे हैं, उससे तो लगता है कि उनका 'वसुधैव कुटुंबकम' का मंत्र अब साकार रूप लेने लगा है।

---

# बंगाल पंचायत चुनाव: दस्तावेजों से छेड़छाड़ हाइकोर्ट ने दिये सीबीआइ जांच के आदेश

- जज ने कहा-खून खराबा, जनहानि हो तो रोक देना चाहिए चुनाव
- सीबीआइ को 7 जुलाई तक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल में सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ पंचायत चुनाव के नामांकन पत्र के साथ छेड़छाड़ के आरोप लगे हैं। कलकत्ता हाइकोर्ट ने बुधवार को इसकी सीबीआइ जांच के आदेश दिये। न्यायाधीश अमृता सिन्हा ने उक्त शिकायत के आधार पर सीबीआइ को सात जुलाई तक उच्च न्यायालय को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। पंचायत चुनाव आठ जुलाई को है। माकपा की दो महिला उम्मीदवारों कश्मीरा बीबी और ओमजा बीबी ने एक सरकारी कर्मचारी व हावड़ा के उलुबेरिया ब्लाक नंबर एक के अनुमंडल अधिकारी के खिलाफ उनके नामांकन पत्र के साथ छेड़छाड़ व रद करने को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। वादिकारियों का आरोप है कि दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ के कारण उनके नामांकन पत्र रद कर दिये गये। दावा किया गया है कि इसकी शिकायत अनुमंडल अधिकारी से करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। इसके बाद ही न्यायाधीश सिन्हा ने इस मामले की सीबीआइ जांच के आदेश दिये। वहीं दूसरी ओर विपक्ष के एक वर्ग ने राज्य में आगामी पंचायत चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग के खिलाफ एक मामला दायर किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस अमृता सिन्हा ने कहा कि अगर अशांति, खून खराबा, जनहानि हो तो चुनाव रोक देना चाहिए। अगर कोई भी प्रत्याशी अशांति के कारण नामांकन नहीं जमा कर सकता है तो आयोग को उसे भी अतिरिक्त समय देना चाहिए।

### आयोग के खिलाफ अनेक शिकायतें, राज्य के लिए शर्म की बात

बुधवार को हाइकोर्ट में विपक्ष के एक मामले की सुनवाई हुई। आइएसएफ और वाम दलों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था और सवाल किया था कि उम्मीदवारों के नाम राज्य चुनाव आयोग की वेबसाइट पर क्यों नहीं हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि नामांकन जमा करने का काम खत्म हो गया है। यहां तक कि स्क्रूटनी पूरी होने के बावजूद उम्मीदवारों के नाम आयोग की वेबसाइट पर नहीं आ रहे हैं। इस दौरान विपक्षी उम्मीदवारों को अपना नामांकन दाखिल नहीं करने और मजबूरन अपना नामांकन वापस लेने का प्रसंग भी उठाया। इस संदर्भ में न्यायमूर्ति सिन्हा ने टिप्पणी की कि चुनाव को लेकर बहुत सारी शिकायतें हैं। यह राज्य के लिए शर्म की बात है। न्यायालय के निर्देशानुसार राज्य को कानून और व्यवस्था के मामले को ठीक से नियंत्रित करना चाहिए।

## बकोरिया मुठभेड़: 27 जुलाई को मृतकों के परिजनों का पक्ष सुनेगा सीबीआइ कोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला के सतबरवा थाना क्षेत्र के बकोरिया में 8 जून 2015 को हुई बहुचर्चित कथित पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मामले में रांची सीबीआइ कोर्ट में पीड़ित पक्ष उपस्थित नहीं हुआ। बुधवार को आंशिक सुनवाई के बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 27 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। उस दिन मुठभेड़ में मारे गये लोगों के परिजनों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। कथित पुलिस-नक्सली मुठभेड़ मामले में सीबीआइ दिल्ली ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह प्राथमिकी हाइकोर्ट के 22 अक्टूबर 2018 को दिये आदेश पर दर्ज की गयी थी। इस घटना में पुलिस ने 12 लोगों को मुठभेड़ में मारने का दावा किया था। मृतकों के परिजनों ने इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए हाइकोर्ट में सीआइडी की जांच पर सवाल उठाते हुए सीबीआइ जांच की मांग की थी।

---

# एनडीए में शामिल हुए जीतन राम मांझी



- दिल्ली में अमित शाह के साथ बैठक में फैसला, एक सप्ताह पहले छोड़ा था नीतीश कुमार का साथ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी बुधवार को एनडीए में शामिल हो गये। यह फैसला दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद लिया गया। मुलाकात के दौरान मांझी के बेटे और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन भी साथ रहे। जीतन राम मांझी ने मंगलवार को ही बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर नीतीश सरकार से समर्थन वापस लिया था। हम पार्टी के चार विधायक हैं। फिर मांझी अपने बेटे के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने रवाना हो गये थे। अमित शाह ने उनकी मुलाकात 45 मिनट तक चली। इस दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय भी मौजूद रहे। बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दबाव जीतन राम मांझी पर था कि वह अपनी पार्टी का विलय जेडीयू में कर दें। इसके जवाब में उनके पुत्र और बिहार सरकार के मंत्री पद पर रहे संतोष सुमन ने 13 जून को मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद राज्यपाल से मुलाकात कर जीतन राम मांझी ने महागठबंधन से अपना रिश्ता भी तोड़ लिया। चर्चा मांझी को राज्यपाल बनाने की

इस बात की चर्चा खूब है कि जीतन राम मांझी को कहीं का राज्यपाल बनाया जायेगा और उनके बेटे संतोष सुमन को गया लोकसभा सीट से टिकट दिया जायेगा।

**शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर के भाई भाजपा में होंगे शामिल**

बिहार के शिक्षा मंत्री और मधेपुरा से राजद विधायक प्रो चंद्रशेखर के बड़े भाई प्रो रामचंद्र प्रसाद यादव जल्द ही भाजपा में शामिल होने वाले हैं। बुधवार को उन्होंने भाजपा में शामिल होने की जानकारी दी।

---

# भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी समेत चार को एटीएस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भोला पांडेय गिरोह के चार अपराधियों को झारखंड एटीएस ने गिरफ्तार किया है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस की टीम ने कार्रवाई करते हुए बरियातू थाना क्षेत्र स्थित डीएन ग्रांड में छापेमारी करते हुए भोला पांडेय गिरोह के कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू, सुबोध कुमार साहू, टिंकू सिंह और राजेश को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक नाइन एमएम पिस्टल, छह नाइन एमएम की जिंदा गोली, दो मैग्जीन, दो कार, नौ मोबाइल फोन और 39 हजार रुपये बरामद किया है।

**माइनिंग कंपनी को दी थी धमकी :** एटीएस को 20 जून को सूचना मिली थी कि एक नामचीन माइनिंग कंपनी के संचालक को पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी के सहयोगी एक व्यक्ति के द्वारा खुद को अनुज तिवारी बताते हुए फोन कर धमकी दी गयी। धमकी में कहा गया कि मोरहाबादी स्थित ऑफिस को बंद कर दो, नहीं तो जान से जाओगे। मिली सूचना का तकनीकी विश्लेषण और जांच के बाद एटीएस ने रांची पुलिस के सहयोग से होटल डीएन ग्रांड में छापामारी कर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

**सुधीर कुमार पांडेय गिरोह का कुख्यात अपराधी है**

पांडेय गिरोह का कुख्यात अपराधी सुधीर कुमार उर्फ टप्पू गिरोह सरगना विकास तिवारी का मुख्य गुर्गा है। जो अबतक आठ आपराधिक कांडों में संलिप्त रहा है।

# उद्धव ठाकरे के करीबी के घर इडी का छापा

- बीएमसी कोविड सेंटर घोटाले में कई ठिकानों पर दी गयी दबिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** बीएमसी कोविड सेंटर घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मुंबई में उद्धव ठाकरे के करीबियों के घर बुधवार को छापेमारी की। मुंबई में 16 से ज्यादा ठिकानों पर एकसाथ छापेमारी की गयी। इडी ने आदित्य ठाकरे के करीबियों के घर भी छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक युवा सेना सचिव सूरज चह्वाण के घर भी इडी ने छापेमारी की है। बता दें कि सोमवार को ही महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने आरोप लगाया था कि बीएमसी में साढ़े 12 हजार करोड़ का घोटाला हुआ है। मीडिया से बातचीत में फडणवीस ने कहा था कि हर हाल में घोटाला करने वालों से सरकार पाई-पाई वसूल करेगी। सीएजी रिपोर्ट के बाद यह घोटाला सामने आया है। इस मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार ने एसआइटी का भी गठन किया है। कोविड काल में बीएमसी की ओर से कोविड सेंटर में मेडिकल सर्विस और उपकरण जुटाने के लिए बाहरी कंपनियों को ठेके दिये गये। इस दौरान लाइफ लाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विसेस कंपनी को वरली और दहिसर में जंबो कोविड सेंटर का ठेका मिला था, लेकिन यह कंपनी फर्जी थी और इसका मेडिकल फील्ड में कोई तजुर्बा नहीं था।

*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 08, अंक 242

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



भारत ने यूएन में आतंकी साजिद मीर का ऑडियो सुनाया: मुंबई हमले में आतंकियों को निर्देश दे रहा था; चीन ने मंगलवार को इसका बचाव किया था

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

## मणिपुर हिंसा: सोनिया ने शांति की अपील की

**इंफाल (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर एक वीडियो संदेश जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि इस हिंसा ने आपके राज्य (मणिपुर) में लोगों के जीवन को तबाह कर दिया। हजारों लोगों को उजाड़ दिया है। इस हिंसा ने हमारे राष्ट्र की अंतरात्मा में एक गहरा घाव छोड़ है। सोनिया ने कहा कि मुझे यह देखकर गहरा दुख हुआ है कि लोगों को उस एकमात्र स्थान से पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ा जिसे वे अपना घर कहते हैं। यह दिल दहला देने वाला है कि शांति के साथ रहने वाले हमारे भाई-बहन एक-दूसरे के खिलाफ हो गये हैं। उन्होंने लोगों से शांति और सद्भाव बनाये रखने की अपील की।

**खुशखबरी :** पांच विभागों में बेरोजगारों को मिलेगी नौकरी

# सीएम आज देंगे 2500 युवाओं को नियुक्ति पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी देने के वादे को पूरा करते हुए 22 जून को ढाई हजार से अधिक युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण करेंगे। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में वह राज्य सरकार के पांच प्रमुख विभागों, पंचायती राज, राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, खाद्य आपूर्ति, वित्त और वाणिज्य कर विभाग में नियुक्ति का रास्ता खोलते हुए युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। पंचायती राज विभाग और रांची जिला प्रशासन नियुक्ति पत्र वितरण समारोह की तैयारी कर रहा है। पंचायती राज विभाग में जिला स्तरीय नियुक्ति होनी है, जबकि अन्य विभाग में राज्य स्तरीय नियुक्तियां की जायेंगी।

समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से अनुशंसित नवनियुक्त 1633 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। रैंकिंग के अनुसार

- पंचायत सचिव, कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक बनेंगे

नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। इसके अलावा वित्त विभाग में कोषागार पदाधिकारी और निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति होगी। अन्य विभागों में भी नौकरी दी जायेगी। सबसे कम नियुक्ति पत्र खाद्य आपूर्ति विभाग में दी जायेगी। वहां 35 लोगों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किया जायेगा। भू-राजस्व विभाग में लगभग 750 लोगों को नौकरी मिलेगी, जबकि वित्त विभाग में 150 लोगों को नियुक्ति मिलेगी। समारोह में सीएम राज्य में और भी नयी नियुक्ति की घोषणा करेंगे।

### सभी जिलों को लिखा गया पत्र

पंचायती राज विभाग के सचिव राजीव अरुण एक्का ने नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के लिए सभी



जिलों के उपायुक्तों को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा है कि वे सुनिश्चित करायें कि 22 जून को नियुक्ति पत्र पानेवाले सारे अभ्यर्थी समारोह स्थल में उपस्थित हों। इससे पूर्व सारी कागजी प्रक्रिया भी पूर्ण करने को कहा गया है। बता दें कि 2017 में ही राज्य कर्मचारी चयन आयोग से इनकी नियुक्ति की अनुशंसा की गयी थी, लेकिन कार्मिक विभाग के एक पत्र की वजह से नियुक्ति रुकी हुई थी। अब विभाग ने सरकार की अनुमति के बाद नियुक्ति पर लगी रोक को हटा दिया है। इसके बाद ही नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। पंचायत सचिवों की नियुक्ति होने के बाद पंचायत सचिवालय के कार्य बेहतर होंगे। पंचायती राज सहित ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन उचित तरीके से हो सकेगा।

### इन जिलों में इतने पंचायत सचिवों को दिया जायेगा नियुक्ति पत्र

**जानकारी के अनुसार कुल 1633 पंचायत सचिवों को सीएम द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा जायेगा। इनमें गढ़वा जिलें में 74, पलामू में 74, लातेहार में 29, चतरा में 62, हजारीबाग में 117, कोडरमा में 53, गिरिडीह में 121, देवघर में 52, गोड्डा में 80, साहेबगंज में 58, पाकुड़ में 34, दुमका में 72, जामताड़ा में 39, धनबाद में 89, बोकारो में 152, रामगढ़ में 94, लोहरदगा में 25, गुमला में 34, रांची में 81, सिमडेगा में 22, पश्चिमी सिंहभूम में 82, सरायकेला-खरसावां में 47 और पूर्वी सिंहभूम में 109 पंचायत सचिवों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।**

# योग कॉपीराइट और पेटेंट फ्री: नरेंद्र मोदी

## पीएम ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग कर दुनिया का नेतृत्व किया

**एजेंसी**

**न्यूयार्क/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिन के अमेरिका दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में योग कर दुनिया का नेतृत्व किया। इस मौके पर मोदी ने कहा कि यहां सभी देशों के लोग मौजूद हैं। आपमें से बहुत सारे लोग बहुत दूर यहां आये हैं। योग का अर्थ है जोड़ना, इसलिए आप एक साथ आ रहे हैं। यह योग के दूसरे रूप की अभिव्यक्ति है। योग मतलब यूनाइट।



योग कॉपीराइट-रॉयल्टी और पेटेंट फ्री है। योग जीवन जीने का तरीका है। कार्यक्रम यूएन के नॉर्थ लॉन के गार्डन में हुआ। इसमें न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम, शेफ विकास खन्ना, संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी समेत 180 देशों के लोग शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में आने वालों को धन्यावद देते हुए कहा कि योग भारत से आता है। सभी प्राचीन भारतीय परंपराओं की तरह यह भी जीवंत और गतिशील है। योग जीवन का एक तरीका है। योग कार्यक्रम में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के लॉन में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।

# विष्णु अग्रवाल से आठ घंटे हुई पूछताछ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में जमीन घोटाले और मनी लांड्रिंग के मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने न्यूक्लियस मॉल के संचालक विष्णु अग्रवाल से बुधवार को आठ घंटे पूछताछ की। उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को गोवा टूर कराने, रिटायर्ड अधिकारी के साथ मुंबई जाने, विवादित जमीन खरीदने, किन नेताओं और अधिकारियों का सहयोग है, जैसे कई सवाल पूछे गये। सूत्रों के मुताबिक अग्रवाल ने कुछ प्रश्नों का सही उत्तर दिया, तो कई सवालों में फंसे। उन्होंने सवालों पर चुप्पी साध ली या संतोषजनक

- इडी के सवालों में फंसे बिष्णु अग्रवाल

जवाब नहीं दे पाये। इडी ने रात करीब आठ बजे उन्हें छोड़ दिया। सूत्रों की मानें तो उनके बयान की तस्दीक करने के बाद फिर पूछताछ के लिए बुलाये जाने की संभावना है।

**अग्रवाल ने कराया था छवि रंजन को गोवा का टूर :** विष्णु अग्रवाल पर चेशायर होम रोड की एक जमीन फर्जी कागजात के आधार पर खरीदने का आरोप है। जमीन के रैयत के नाम में मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ की गयी थी। आरोप है कि इसमें रांची के तत्कालीन उपायुक्त छवि रंजन और नेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश ने भी मदद की थी। विष्णु अग्रवाल ने इसके लिए मोटी रकम का भुगतान भी किया था। उन्होंने छवि रंजन को गोवा टूर भी कराया था, जिसकी पुष्टि इडी की छानबीन में पहले ही हो चुकी है। बताया जा रहा है कि इडी ने उनसे रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन और प्रेम प्रकाश से रिश्ते, विवादित जमीनों की खरीद-बिक्री मामले के अलावा सेना की जमीन में फर्जीवाड़ा करने में सहयोग करने वालों की जानकारी ली है।

R K GROUP OF INSTITUTIONS, GARHWA

R K NURSING COLLEGE
HOOR, GARHWA
Regn.: Jh Nurses Registration Council, Ranchi
E-mail ID : principalrkpsgarhwa@gmail.com



ADMISSION OPEN
Session 2023-24
Courses : ANM : For Girls Only
REQUIREMENTS : Post of Tutors.
Qlfy- 1. MSC Nursing or, BSC Nursing or, Post Basic B.Sc Nursing or Diplom a in Nursing Education and Administration from any INC recognized Nursing Institute.
2. At Least 2 yrs. Professional experiences
Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931
Place: RKVS College, Sonpurawa, Garhwa.

R.K. PUBLIC SCHOOL
ADMISSION OPEN
Session 2023-24 at the following centres
1. RK Public School, Sonpurwa, Gharwa: Class - Nursery to Std IX & XI 2. RK Public School, Unchari, Majhion : Class - Nursery to Std IX 3. RK Public School, Audhura, Banshidhar Nagar: Class - Nursery to Std IX 4. RK Public School, Hoor, Garhwa : Class - Nursery to Std V 5. RK Nursing College, Hoor, Garhwa Recognised to JNRC, Ranchi & INC, Delhi - Course: ANM 6. RKVS Sansthan, Rehla Road, Garhwa Recognised to NCTE, Bhubneshwar, Affiliated to JAC, Ranchi & NPU Med.- Course: D.El.Ed

आजाद सिपाही के स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



Er. A.N. Pandey
Director
Mob. : 9431136058

NEW ADMISSION IS RUNNING
R. K. PUBLIC SCHOOL, HOOR, GARHWA
Principal: Pramod Kumar Jha, (Rtd. Dy. Collector)
For Admission Detail: Call - 9431136058. Enrol Now : Visit the respective schools at 10: AM

REQUIREMENTS FOR R.K. PUBLIC SCHOOL, BANSHIDHAR NAGAR
1. PGT- Post Graduate in the Subject and B.Ed.
2. Subject - English, Maths, Sc., Socialist, Computer Sc.
TGT - Graduation with Honours in subject with B.Ed.
Subject - English, Maths, Sc., Soc. Sc., Computer Sc.
3. PRT - Graduation with D.El.Ed - All subjects
ATTRACTIVE SALARY IS OFFERED AS PER NORMS
Note: Candidates having fluency in Spoken English & experience in English Medium Teaching will be preferred.

PRINCIPAL REQUIREMENT : R. K. Public School
Age 35 to 45, Qualification MA, B.Ed., Minimum experience 5 years, Excellent Remuneration as per Norms. Contact No. 9431136058, 9934922931

सभी संस्थानों में लाइब्रेरी, स्मार्ट, क्लासेस, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं बस सुविधा उपलब्ध

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No.1 Channel



## योग दिवस : राजधानी में जगह-जगह योग दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुई रांची







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा हरमू मंडल और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में भव्य योग शिविर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस योग शिविर में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा दीपक प्रकाश, झारखंड प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, झारखंड संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद समीर उरांव, राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, पतंजलि योगपीठ के झारखंड प्रभारी करम कोइरी रांची के योग प्रभारी वीरेंद्र कुमार, पतंजलि योग झारखंड संयोजक दीनदयाल बरनवाल, जिला अध्यक्ष केके गुप्ता, हरमू मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव समेत हजारों लोग ने बुधवार को इस योग का लाभ लिया। पतंजलि योगपीठ द्वारा यह पांचवां वर्ष है, जो लगातार 365 दिन योग के माध्यम से हजारों लोगों को रोग मुक्त किया जा रहा है। प्रातः छह बजे से रांची के विभिन्न पार्कों और मैदानों में पतंजलि योग के द्वारा निशुल्क योग शिविर लगाया जा रहा है। इसमें रांची वासी इसका निशुल्क लाभ ले रहे हैं। पतंजलि योग के मुख्य संजोजक दीनदयाल बरनवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पतंजलि के संस्थापक बाबा रामदेव ने देशवासियों एवं विश्व में लोगों को रोग मुक्त करने का जो बीड़ा उठाया है। वह प्रशंसनीय है। इससे करोड़ों लोग स्वास्थ्य का लाभ ले रहे हैं। पतंजलि योगपीठ के झारखंड प्रभारी कर्म कोइरी ने कहा कि बाबा रामदेव ने एक बीड़ा उठाया है कि एलोपैथिक की दवाइयां से छुटकारा लेने के लिए योग नित्य प्रतिदिन करें। बाबा रामदेव के प्रति उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि बाबा रामदेव सिर्फ योग ही नहीं बल्कि देशवासियों से अथक प्यार करते हैं। उन्होंने वैलनेस और योग ग्राम जैसे संस्थाएं खोल कर लोगों को निरोगी कर रहे हैं। इन्होंने भाजपा के कई महानुभावों को अभिनंदन करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन हरमू मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने किया। मंच संचालन कार्यक्रम के प्रभारी एवं पतंजलि के मुख्य संरक्षक दीनदयाल बरनवाल ने की। इस कार्यक्रम में रतन गुप्ता, अर्चना गुप्ता, संगीता बरनवाल, प्रकाश वर्मा, सुबोध कुमार, शशि शेखर सिंह, मधु लता, विनोद अग्रवाल, शिवानंद गुप्ता, बॉबी कुमार, उमा देवी, कुमुद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। आयकर विभाग रांची द्वारा होटल बीएनआर चाणक्य में नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य आयकर आयुक्त डॉ प्रभातकांत शामिल होकर सबके साथ योगाभ्यास किया।

### योग से विश्व बंधुत्व को मिला बल : दीपक प्रकाश

रांची। बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि आज पूरी दुनिया में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से प्रारंभ हुआ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज केवल दुनिया को आरोग्यता ही नहीं प्रदान कर रहा, बल्कि विश्व बंधुत्व को भी बढ़ावा दे रहा।

### कोरोना काल में दुनिया ने देखी योग की ताकत : बाबूलाल मरांडी

भाजपा नेता विधायक दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कोरोना जैसी विश्वव्यापी महामारी में भारत की प्राचीन जीवन पद्धति योग ने टीकाकरण से पहले करोड़ों लोगों को महामारी से लड़ने की ताकत दी। आज दुनिया भारत की योग परंपरा को तेजी से आत्मसात कर रही है।

### भारत विश्व कल्याण की सोच रखने के कारण ही विश्व गुरु कहलाया: डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी

प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि योग मानव को समस्त प्राणी जगत से जोड़ता है। प्रकृति पर्यावरण से संतुलन बनाना सिखाता है। योग मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भारत विश्व कल्याण की सोच रखने के कारण ही विश्व गुरु कहलाया। यह संस्कार आज भी भारत के कण कण में व्याप्त है। संकट के काल में भारत अपने पराए प्रिय अप्रिय का भेदभाव नहीं करता। योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन से व्यक्ति को सद्गुणों से भरता है।

### योग एक विज्ञान और सम्पूर्ण जीवन पद्धति है : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि योग एक विज्ञान है, सम्पूर्ण जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि धर्म संप्रदाय में विभेद नहीं करता, बल्कि दुनिया को अपना कुटुंब मानता है। आज पूरे प्रदेश में भाजपा की ओर से सभी 513 मंडलों में योग के कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें हजारों को संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

### मोदी सरकार में सुरक्षित है देश का हर नागरिक: संजय सेठ

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि सुशासन और गरीब कल्याण, इसी मूल मंत्र के साथ विगत 9 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरा देश एक साथ आगे बढ़ रहा है। दशकों के बाद यह स्थिति देखने को मिली है, जब लोक कल्याणकारी योजनाएं चलकर सीधे जनता तक आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का नेतृत्व, मार्गदर्शन और भाजपा के कार्यकताओं का समर्पण, इन दोनों के मिलने से ही देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की संकल्पना साकार हो रही है। उक्त बातें श्री सेठ ने बुधवार को अरगोड़ा स्थित सांसद कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। संजय सेठ ने कहा कि देश के विद्यार्थी, मजदूर, किसान, महिला, उद्यमी, वैज्ञानिक, श्रमिक सहित हर वर्ग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सीधा संवाद किया है। देश को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर विचार किया है। यही वजह रही कि 9 वर्षों में न सिर्फ हमारा देश मजबूत हुआ, हमारे देश के गरीबों का कल्याण हुआ बल्कि वैश्विक स्तर पर हमारी पहचान बहुत मजबूत हुई है। दुनिया की महाशक्ति आज भारत के तरफ मुंह उठाकर देखती है, तब हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है।



आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को जन्मदिन की बधाई देते लोग।

# आजसू पार्टी का संकल्प दिवस आज, तैयारियां पूरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू के उद्योगपति सह समाजसेवी बबन सिंह आजसू पार्टी का दामन थामेंगे**

**रांची।** आजसू पार्टी गुरुवार को पूरे राज्य में संकल्प दिवस मनायेगी। संकल्प दिवस को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। कार्यक्रम को लेकर बुधवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि संकल्प दिवस के अवसर पर सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संकल्प सभा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही हरमू, रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में मिलन समारोह का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। मिलन समारोह में पलामू के उद्योगपति सह समाजसेवी बबन सिंह अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी का दामन थामेंगे। डॉ भगत ने कहा कि झारखंड और झारखंडियों का परिचय स्थापित रहे-अमिट रहे, इसे लेकर आजसू पार्टी कृतसंकल्पित है। संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी और पार्टी की अनुषंगी इकाई के सभी नेता, कार्यकर्ता और समर्थक राज्य की मर्यादा और जनमन की सुरक्षा के संकल्प के साथ-साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने का संकल्प लेंगे।

# गौ हत्या निषेध कानून का सख्ती से होगा पालन: राजीव रंजन

**गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने किया प्रभार ग्रहण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पशुपालन निदेशालय हेसाग, हटिया रांची स्थित सभागार में झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने बुधवार को प्रभार ग्रहण किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और गौ माता के पूजन और शंखध्वनि के साथ हुई। इस दौरान आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से गौ पूजन किया । साथ ही आयोग के सचिव डॉ मनोज कुमार की ओर से भी प्रभार ग्रहण की कार्रवाई पूर्ण की गयी।

मौके पर राजीव रंजन प्रसाद ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि पहले संगठन के कार्यों को पूर्ण लगन से करता रहा हूं, अब गौ माता की सेवा का मौका मिला है। आयोग में मेरी उपलब्धता हमेशा रहेगी। गौ माता की सेवा के लिए नियमावली के तहत आयोग से हरसंभव मदद का प्रयास करेंगे। राज्य की सभी गौशालाओं के पदाधिकारी और गौ सेवकों को मैं आश्वस्त करना चाहता हूं कि राज्य में गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मैं गौ सेवा आयोग से हरसंभव मदद कराने के लिए हर समय उपलब्ध रहूंगा। उन्होंने कहा कि गौ हत्या निषेध कानून का पूरे राज्य में सख्ती के साथ पालन हो। सरकार के साथ समन्वय बैठा कर यह सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। राज्य की सभी गौशालाओं का भ्रमण करूंगा और आयोग से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी गौशालाओं के पदाधिकारियों के साथ साझा करूंगा। इससे गौशालाओं को लाभ मिले, गायों को उपयुक्त मात्रा में भोजन मिले ।

मौके पर उपाध्यक्ष ने कहा कि राज्य में गौशालाओं को गौ सेवा आयोग से हरसंभव मदद कराने के लिए तत्पर रहूंगा । गौशालाओं की गोचर भूमि की रक्षा करना मेरा सबसे बड़ा दायित्व रहेगा । इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा को मणिपुर का दौरा जरूर करना चाहिए : कांग्रेस

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के झारखंड दौरे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि मणिपुर जल रहा है, हजारों की तादाद में लोग मारे जा रहे हैं। लोगों का रोजी रोजगार छीना जा रहा है और देश के प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर और राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनावी दौरे पर निकले हैं। इससे साफ प्रतीत होता है कि भाजपा के लिए देश की जनता नहीं, बल्कि चुनाव अधिक महत्वपूर्ण है। देश की जनता मरे, उसके रोजी रोजगार छीने जायें, लेकिन हम तो चुनावी रैली करेंगे। झारखंड आने के पूर्व मानवता के नाते ही सही, कम से कम नड्डा जी को मणिपुर का दौरा जरूर करना चाहिए। राकेश सिन्हा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से कई सवाल भी किये और कहा कि इसका जवाब जरूर अपनी सभा में देंगे।

## पुलिस लाइन में तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया गया। पुलिस ड्यूटी मीट 21 जून से 23 जून तक चलेग। ड्यूटी मीट में दक्षिणी छोटानागपुर रेंज के रांची, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा के पुलिस पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे, रांची एसएसपी किशोर कौशल के अलावे ग्रामीण एसपी समेत कई अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। दक्षिणी छोटानागपुर पुलिस ड्यूटी मीट आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को अपराध अनुसंधान का गुर सिखाना है। वर्तमान में अपराध का दायरा इतना अधिक बढ़ गया है कि बिना वैज्ञानिक अनुसंधान के किसी को भी दोषी करार देना काफी मुश्किल काम है। वहीं जांच के दौरान भी साक्ष्य जुटाने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान बेहद जरूरी होता है।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**योग आत्म-साक्षात्कार की यात्रा है, यह तनाव प्रबंधन के लिए बहुत प्रभावी है**

**रांची।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 21 जून, 2023 को 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया, जिसकी थीम वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन) और कोयला खनन परियोजनाओं के नामित प्रमुक शामिल थे।

श्री श्रीवास्तव ने कहा योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है, यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है और दुनिया भर में इसका अभ्यास किया जाता है। भारत में योग प्राचीन काल से चला आ रहा है, समय के साथ-साथ योगाभ्यास में नये-नये आविष्कार हुए हैं। इसे नियमित अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए निवारक दवा के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि योग आत्म-साक्षात्कार की यात्रा है, यह तनाव प्रबंधन के लिए बहुत प्रभावी साबित हुआ है और 20 दिनों के ऑनलाइन योग सत्र के आयोजन के लिए एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की टीम की सराहना की, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संपन्न हुई। योग सत्र का संचालन योग गुरु रमानी रंजन पाणिग्रही ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार किया। इस दौरान प्रदर्शित विभिन्न योग आसनों से लाभान्वित होने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### छोटानागपुर पब्लिक स्कूल में योग दिवस मना



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छोटानागपुर पब्लिक स्कूल, बरियातू में यूनिक अकादमी, बरियातू की पहल से स्कूल के बच्चों, शिक्षक, योगसाधकों के बीच योग कार्यक्रम हुआ। योगगुरु संदीप और योगगुरु बबलू ने योग क्रियाएं करवायीं। हास्य प्रशिक्षक अजीत कुमार ने भी हास्य योग करवाया। रोज एक घंटा योग करें और 23 घंटे स्वस्थ रहें...यही जीवन का मूल लक्ष्य है। यूनिक अकादमी की संचालिका प्रिया केशरी और प्रशांत कुमार ने अपने संस्थान में योग, डांस, जुंबा और अन्य विविध क्रियाकलापों की जानकारी दी।। स्कूल के निदेशक सुखनाथ ने सफल कार्यक्रम के लिए सबों का आभार प्रकट किया। जुंबा और डांस गुरु सुमित साहू ने भी कुछ जानकारी दी। जेएनपी गुप्ता ने योग दिवस पर अच्छे स्वास्थ्य के लिए रोज योग करने का संकल्प लेने को कहा और धन्यवाद किया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा में मना योग दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ आशा लकड़ा, निवर्तमान मेयर, पार्षद डॉ सुचिता रानी और वेद प्रकाश उपस्थित रहे। इस अवसर पर आशा लकड़ा ने कहा कि भारत विश्व गुरु रह चुका है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के अथक प्रयास से योग विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा। व्यक्ति को निरोग रहने हेतु प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग व्यायाम और प्राणायाम जरूर करना चाहिए। जाले के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि भैया बहनों को नियमित योग करना चाहिए। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। सभी भैया बहनों ने सामूहिक योगासन, मुद्राएं, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक आचार्य रामदेव कुमार ने भैया बहनों को आसन करने का सही तरीका और उनके लाभ बताये। प्राचार्य डॉ संध्या सिंह ने विद्यालय की ओर से योगासन के माध्यम से निरोग रहने और स्वस्थ समाज निर्माण का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वर्ग औरयोग प्रेमी जन उपस्थित रहे।

### झारखंड राज्य खुला विवि में मना योग दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो डॉ टी एन साहू ने कहा कि 2023 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है और स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है। योग शारीरिक व्यायाम का एक प्राचीन अभ्यास है। योग मन, शरीर और आत्मा के बीच, समाज कल्याण और सामंजस्य बढ़ाने का प्रयास करता है। इस अवसर पर डॉ बरुण कुमार मंडल (वित्त पदाधिकारी) ने कहा कि कोरोना काल के बाद योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है। संक्रमण से लड़ने के लिए, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लोग योग का अभ्यास करने लगे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ जीके सिंह, सलाहकार डॉ शिव विलास साहू, विशेषज्ञ डॉ मोहन लाल साहू और विश्वविद्यालय के सारे पदाधिकारी, कर्मचारी इत्यादि सम्मलित हुए।

### डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के नये सत्र में नामांकन का अवसर

रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के वोकेशनल पाठ्यक्रम के अंतर्गत स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के नये सत्र के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए आवेदन पत्र विश्वविद्यालय के चांसलर पोर्टल के माध्यम से विद्यार्थियों से आमंत्रित किये जा रहे हैं। स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए किसी भी संकाय में बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन जमा करें। नामांकन संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के विभाग में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक ने की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। इंडियन बैंक के क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश सहगल ने रांची में चयनित शाखा प्रबंधकों और एचएनआइ ग्राहकों के साथ बैठक की। एचएनआइ ग्राहक बैठक के दौरान उन्होंने 19 खातों के लिए कुल 35.45 करोड़ राशि का ऋण स्वीकृतिपत्र वितरित किया। उन्होंने सभी एचएनआइ ग्राहकों के साथ बातचीत भी की। कार्यक्रम के दौरान इंडियन बैंक के सभी उत्पादों के बारें में संक्षिप्त जानकारी दी गयी। वर्तमान में, इंडियन बैंक पूरे भारत में गुणवत्तापूर्ण एमएसएमई और खुदरा ऋण का वित्तपोषण कर रहा है और अपने विभिन्न डिजिटल उत्पादों के माध्यम से सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस बैठक में इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक एफआर बोखारी, उप अंचल प्रबंधक प्रभाकर कुमार, सहायक महाप्रबंधक कुमार दिग्विजय और मुख्य प्रबंधकगण और शाखा प्रबंधकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अंचल कार्यालय की हिंदी पत्रिका इंड रांची का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रबंधक धर्मेश पांडेय ने किया।



रांची विवि रांची के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग में डॉ पारस कुमार चौधरी ने प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर समाजशास्त्र एसोसिएट प्रो डॉ मिथिलेश कुमार, एसोसिएट प्रो डॉ पीके सिंह एवं डॉ रश्मि ने गुलदस्ता देकर नये विभागाध्यक्ष का स्वागत किया।

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 6 हजार से अधिक लोगों ने किया योग

## आयुष विभाग की ओर से आयोजित योगा कार्यक्रमों में कई जिलों में 5 लाख से अधिक लोगों ने लिया भाग





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि 21 जून वर्ष का सबसे लंबा दिन है और इस दिन जीवन को लंबा बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। वह बुधवार को आयुष विभाग द्वारा मेकॉन स्टेडियम, रांची में आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लगभग 6 हजार से अधिक लोगों ने बारिश के बीच योगाभ्यास किया। उनके बीच विभाग द्वारा टी-शर्ट और योगा मैट वितरित किए गए। योग प्रशिक्षक सुश्री अर्चना कुमारी द्वारा कार्यक्रम में योगाभ्यास कराया गया। उस दौरान योगा फ्लैग होस्टिंग भी की गई। राज्य के विभिन्न जिलों में आयुष विभाग द्वारा योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 5 लाख से अधिक लोगों ने योगाभ्यास किया।

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पूरी दुनिया आज भारत को योग गुरु के रूप में जान रही है। योग को अपनाकर हम केवल शारीरिक ही नहीं, अपितु मानसिक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और साथ ही अपनी इंद्रियों को भी नियंत्रित करना सीखते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की जनता के स्वास्थ्य के लिए कार्य कर रही है। हमें योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लेना है और खुद को स्वस्थ बनाना है।

इस अवसर पर सांसद महुआ माजी ने कहा कि योग हमारे घर-घर में है। हम सब का कुछ समय के लिए पश्चिमी सभ्यता की ओर झुकाव बढ़ गया था, लेकिन आज फिर से हम अपनी पुरानी पद्धति को अपना रहे हैं, साथ ही दुनिया को भी इसका संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज राज्य सरकार के नेतृत्व में आयुष के क्षेत्र में कई बड़े कार्य किए जा रहे हैं। एक ओर जहां आयुष चिकित्सकों की बहाली हुई है, वहीं कई आयुष अस्पताल भी खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा संजीवनी ऐप पर मुफ्त में लोगों को चिकित्सीय परामर्श दिया जा रहा है, जिससे लोग स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद समीर उरांव, विधायक श्री समरीलाल, अपर मुख्य सचिव श्री अरूण कुमार सिंह, पर्यटन सचिव श्री मनोज कुमार, उपयुक्त रांची एवं बड़ी संख्या में योग करने वाले उपस्थित थे।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या 10/एसआरएफ/2023–24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"खाद्य और पोषण सुरक्षा को मजबूत करने हेतु स्थिर, गहन एवं कृषि-परिस्थितिक खेती प्रणाली के माध्यम से भारत के छोटे भूमिधारक किसानों के लिए जलवायु अनुकूल पद्धतियां विकसित करना"** शीर्षक परियोजना ईएपी-283 के तहत एक **(01) सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ)** के चयन के लिए दिनांक **30.06.2023** को प्रत्यक्ष साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview is to be held on **30.06.2023** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Building climate resilience of Indian smallholders through sustainable intensification and agro-ecological farming system to strengthen food and nutrition security" (EAP-283)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## संत जांस स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया




रांची(आजाद सिपाही)। संत जॉन्स स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य गोपाल घोष थे। वह वर्तमान में पंतजलि योग पीठ रांची से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया। मिस अलीशा बेक ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम संचालक दीपक रोसारियो ने किया। मास्टर आयुष मुंडा ने सभी को योग संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। आचार्य गोपाल घोष ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग बहुत जरूरी है। मेरे जीवन का रहस्य योग है। अपनी गवाही देकर उन्होंने सभी को योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल मैडम दीपशिखा तिर्की ने भी शिक्षकों और छात्रों को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से फिट रहने के लिए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। परिचयात्मक सत्र के बाद आचार्य गोपाल घोष ने कर्मचारियों और छात्रों के लिए योग सत्र शुरू किया। उन्होंने त्रिकोणासन, ताड़ासन, गरुड़ासन, सवासन, अनुलोम बीलोम, कपालभारती, भ्रामरी प्राणायाम जैसे विभिन्न आसन किये। सामूहिक योग प्रदर्शन के बाद विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता व क्विज का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता के विषय एक पृथ्वी, एक परिवार, स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग का महत्व, हर आंगन योग थे। समन्वयक पेट्रीसिया एन नाग ने योग सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए मुख्य अतिथि, शिक्षकों और छात्रों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर आचार्य गोपाल घोष, प्राचार्या दीपशिखा तिर्की, उप प्राचार्य फा. अजीत सरस, समन्वयक पेट्रीसिया एन नाग, प्रीफेक्ट ब्रदर रोहित डुंगडुंग सहित अन्य मौजूद थे।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय को बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) की मान्यता मिली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची को बार काउंसिल ऑफ इंडिया (भारतीय विधिज्ञ परिषद) नयी दिल्ली ने सत्र 2023-24 एवं 2024-25 में बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), बीए एलएलबी (ऑनर्स) एवं बीकॉम एलएलबी (ऑनर्स) में पढ़ाई प्रारंभ करने हेतु मान्यता प्रदान की है। उक्त बातें विश्विद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह ने बतायी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पाठ्यक्रम में क्रमशः 120, 60 एवं 60 सीटें बीसीआई ने दी है तथा इसमें इसी सत्र से पढ़ाई प्रारम्भ की जाएगी। बीसीआइ द्वारा विश्वविद्यालय को मान्यता प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्व शिक्षण के लिए दृढ़संकल्पित है तथा नामांकित छात्रों की पढ़ाई अच्छे ढंग से हो पाये इसका पूरा-पूरा ध्यान रखा जायेगा। विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय को बीसीआइ द्वारा मान्यता मिलने पर बीसीआइ नयी दिल्ली को धन्यवाद दिया है तथा कहा है कि नामांकित छात्रों के अध्ययन अध्यापन की उत्तम व्यवस्था की जायेगी। मान्यता मिलने पर हर्ष व्यक्त करने वालों में डॉ नीलिमा पाठक, प्रो एस बी डांडीन, डॉ संदीप कुमार, प्रो राहुल वत्स, डॉ सुबानी बारा, अजय कुमार, डॉ आर एम झा, प्रवीण कुमार आदि शामिल हैं।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची ने विद्यालय परिसर में सामूहिक योग प्रदर्शन करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 का आयोजन किया। योग प्रदर्शन में विद्यालय्की प्रधानाचार्या और अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। योगदा सत्संग सोसाइटी के स्वामी निष्ठानंदजी के द्वारा बीके बिरला सभागार में ध्यान सत्र भी आयोजित किया गया। स्कूल के कार्मिक और प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के सफल आयोजन में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की सराहना की। प्रधानाचार्या परमजीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक योग सत्रों के सफल आयोजन की सराहना की। उन्होंने योग के माध्यम से हमारे शरीर और दिमाग को संतुलित और एकाग्र रखने की आवश्यकता की पुष्टि के रूप में स्वयं योग प्रदर्शन में भाग लिया।

## सरला बिरला विवि में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची के योग विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 9 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा कहा कि योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी प्रदीप वर्मा ने अपने संबोधन में इस वर्ष के थीम वाक्य वसुधैव कुटुंबकम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग आत्मा को परमात्मा के साथ जोड़ने की क्रिया है। इसे प्रक्रिया में संपूर्ण ब्रह्मांड एकात्ममय हो जाता है, जो कि बसुधैव कुटुंबकम की अवधारणा को और प्रगाढ़ करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह उपस्थित छात्रों से इस अवसर पर अपनी विरासत पर गर्व करने तथा संस्कृति की रक्षा का आहवान करते हुए एक अच्छा नागरिक बनने का आहवान किया। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं में श्री आशुतोष द्विवेदी, डॉ सुबानी बारा, प्राचार्या नर्सिंग थी तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ नम्रता चौहान ने किया। इस अवसर पर डॉ सदीप कुमार, डॉ अशोक अस्थाना, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी और डॉ अर्चना मौर्या आदि उपस्थित थे।

## योग मानवता के लिए भारत का दुनिया को अद्वितीय योगदान है : डॉ नीता पांडेय



रांची (आजाद सिपाही)। योग दुनिया को भारत का अद्वित्य योगदान है।इसमें मानवता और वसुधैव कुटुंबकम् की उदात्त भावना अंतर्निहित है। यह मन और शरीर के बीच समरसता स्थापित करने की कला और विज्ञान दोनों ही है। यदि योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना लिया जाये तो इससे न केवल हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहेगा बल्कि हम एक सशक्त भारत गढ़ने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे पाएंगे। उक्त बातें प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को कैंब्रियन पब्लिक स्कूल कांके रोड में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी और शिक्षक से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया। इससे पहले बच्चों ने योगाभ्यास के विभिन्न मुद्राएं प्रदर्शित की। जूनियर सेक्शन के बच्चे वर्चुअल मोड से योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुये। बच्चों ने योग के महत्व, आवश्यकता और लाभ पर अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रमों का संयोजन चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने की। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## रांची विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित

रांची(आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रांची विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्कूल ऑफ योग के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, हनी सिन्हा, डॉ अरुण कुमार सिन्हा, सुदेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी ने भाग लिया।

# साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के फिजिकल एजुकेशन विभाग और एनसीसी के द्वारा संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट ने योगाभ्यास किया। विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि योग और ध्यान का नियमित अभ्यास कई तंत्रों के माध्यम से मनोसामाजिक तनाव, चिंता और अवसाद को कम कर सकता है। विभिन्न बीमारियों का इलाज योग के माध्यम से किया जा सकता है क्योंकि इसका उदेश्य शरीर में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुलन लाना है। उन्होंने बताया कि योग आसन शक्ति, लचीलापन और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव- डॉ के राजेश्वर दत्त, एसोसिएट डीन- डॉ आनंद मोय, फिजिकल एजुकेशन के विभागाध्यक्ष- प्रो साजिद अंसारी, सहायक प्राध्यापक- सुश्री पायल तिर्की, सुश्री सुनिता महतो, मनीष कुमार, आदित्य चतुर्वेदी और सौरभ दुबे के अलावा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, प्रशासनिक अधिकारियों ने योगाभ्यास किया।

# छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को ऐतिहासिक बनाने में जुटा पासवा

## झारखंड के दो मंत्री प्रतिभा सम्मान समारोह में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में पासवा द्वारा राज्य का सबसे बड़ा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। 10 जुलाई को रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित होगा। जिसमें मैट्रिक और इंटर की परीक्षा सीबीएसई, आईसीएसई और जैक बोर्ड में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 15,000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बुधवार को खेलकूद मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात कर छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने का आग्रह किया। मंत्री ने इस सम्मान समारोह में भाग लेने की सहमति दी है। बता दें कि झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने पूर्व में ही इस सम्मान समारोह में सम्मिलित होने की अपनी सहमति प्रदान की है। देशभर से विभिन्न राज्यों के पासवा पदाधिकारी गण तथा झारखंड के प्रत्येक जिले से पासवा के जिला स्तरीय और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी गण इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस सम्मान समारोह सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए पासवा कोर कमेटी की एक विशेष बैठक गुरुवार को रांची में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी पासवा के प्रदेश महासचिव नीरज सहाय ने दी है।

# रांची रेल मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रांची रेल मंडल में भी योग दिवस मनाया गया। हटिया रेलवे कॉलनी स्थित रेल क्लब हटिया, सामुदायिक भवन हटिया और मुरी, बानो, लोहरदगा आदि सभी जगहों पर योगाभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार ने मंडल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया और मंडल के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों को योग दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास हमें अपने शरीर को स्वस्थ और निरोग रखने में मदद करता है तथा अपने दैनिक कार्य कलापों में स्फूर्ति प्रदान करता है, अतः इसे हमें अपनी नियमित दिनचर्या में शामिल रखना चाहिए। साथ ही मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति) डॉ सतीश कुमार ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को योग का महत्व बताते हुए इसे अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। मंडल के सभी स्टेशनों, रेल सुरक्षा बल की चौकियों, कोचिंग डिपो तथा अन्य कार्यालयों में कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री माणिक शंकर, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) श्री प्रियम शंकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री निशांत कुमार तथा अन्य शाखा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने प्रेमिका सहित आधा दर्जन तात्रिकों को बनाया बंधक, पुलिस ने बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रेमी की शादी कहीं और तय हो गयी, तो लड़की ने तंत्र मंत्र का सहारा लेकर शादी तोड़ने और लड़के को वश में करने की कोशिश की। अपने प्रेमी को पाने की चाहत में प्रेमिका सहित आधा दर्जन तांत्रिकों को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया। बंधक बना कर उन सभी की पिटाई भी कर दी। मामला बोरियो थाना क्षेत्र के सोगले टोला गांव की है। सोगले गांव के युवक 25 वर्षीय मोहन मुर्मू उर्फ तल्लू मंगलवार की रात करीब 10 बजे अपने घर से निकल कर बाहर टहल रहा था। उसी वक्त गांव की ही बड़की मुर्मू उसे बुला कर घर के पीछे ले गयी। इसके बाद उसकी उंगली में अजीब टाइप की अंगूठी पहनायी, जिसके कारण वह बेहोश हो गया। थोड़ी देर बाद उसे होश आया तो उसने हाथ से अंगूठी खोल कर फेंकी और भाग कर ग्रामीणों के पास गया।

**अंगूठी पहनते ही बेहोश हो गया लड़का**

मोहन मुर्मू ने बताया कि घर के पीछे छह लोग तंत्र-मंत्र कर रहे हैं। उसके पहुंचते ही सभी ने मिल कर पकड़ कर उसके बाल काट दिये और अंगुली में रिंग पहना दी। रिंग पहनते ही वह बेहोश हो गया। कुछ देर बाद थोड़ा होश आने पर अंगुली से उसने रिंग खोल कर फेंक दिया। रिंग खुलते ही उसे होश आ गया। ग्रामीणों ने तंत्र-मंत्र करनेवाले लोगों को पकड़ कर मंझवैय के ग्राम प्रधान तल्लू मुर्मू को सौंप दिया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गये।

**ग्राम प्रधान ने दी पुलिस को सूचना**

मामले को समझते हुए ग्राम प्रधान ने सभी को अपने घर में छिपा कर रखा और पुलिस को सूचना दे दी। सुषमा कुमारी, करुण कुमार राय, बीरवल यादव दल-बल के साथ सोगले टोला पहुंचे और सभी को मुक्त करा कर अस्पताल में भर्ती कराया। तंत्र मंत्र करने के आरोप में जिन लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले किया ह, उनमें बाघमुंडी का रागा बास्की, मरांग कुड़ी और मरांगमय मुर्मू, सोगले का कल्लू टुडू और बड़की मुर्मू तथा बनगावा की तालाकुड़ी मुर्मू शामिल हैं।

**पूरा मामला समझिए**

अब मामले में पूछताछ के बाद जो बात सामने आयी है उसमें बताया गया है कि सांगले गाँव की बड़की मुर्मू का उसी गाँव के युवक मोहन मुर्मू के साथ संबंध था। मोहन मुर्मू की कही शादी तय हो गयी थी। बड़की मुर्मू उसे पाने के लिए ओझा गुनी (टोडगा, डायन बिसाही) करने के लिए दो महिला व एक पुरुष को बुलाया था। ताकि उस लड़के का शादी किसी से ना हो। ओझा गुनी करने आये सभी लोगों ने उस मोहन मुर्मू को बुलाया और उसके साथ ओझा गुनी करने लगे। जिस दौरान उन्होंने लड़के के कुछ बाल को काटकर आग में जला दिया और तांत्रिक विधि से लड़के को बेहोस कर दिया। जिसके बाद लड़का किसी तरह बेहोशी के हालात से उठकर भाग गया।

## 10 जुलाई को रांची कोर्ट में पेश होंगी अमीषा पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल बुधवार को रांची सिविल कोर्ट में पेश नहीं हुईं। कोर्ट ने उन्हें 21 जून को उपस्थित होने का आदेश दिया था। अमीषा पटेल के वकील के द्वारा एक पिटीशन दी गयी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि निजी कारण की वजह से 21 जून को सशरीर उपस्थित नहीं हो सकी हैं। सीआरपीसी की धारा 317 को आधार बना कर यह आवेदन पेश किया गया है। जस्टिस डीएन शुक्ला की अदालत ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए आवेदन को स्वीकार किया और अब उन्हें 10 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया गया है।

आवेदन में अमीषा पटेल ने बताया है कि वह किसी जरूरी काम की वजह से चंडीगढ़ मोहाली में हैं। इस वजह से उनका सशरीर उपस्थित होना संभव नहीं है। अगली तारीख पर अमीषा पटेल को कोर्ट में आना ही होगा। वकील का कहना है कि अगर अगली बार वह कोर्ट में सशरीर हाजिर नहीं होती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। अमीषा पटेल की अपील को स्वीकार कर लिया गया है। अमीषा पटेल और कुणाल गूमर को 10 जुलाई को पेश होना होगा।

दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा

निविदा सूचना सं.: डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-54-2023 एवं 55-2023, दिनांक 20.06.2023; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी मूल्य:** **(1) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-54-2023;** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/रांची कक्ष का नवीनीकरण तथा हटिया में मंडल ओपीडी अस्पताल के स्टोर रूम का विस्तार; रु. 49,00,742.87; रु. 98,000/-; **(2) डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-55-2023;** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/वर्क्स/हटिया के क्षेत्राधिकार के अधीन मंडल रेलवे अस्पताल रांची की पहली मंजिल का विकास एवं निर्माण; रु. 6,67,20,341.51; रु. 4,83,600/-; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** क्रमांक 1 के लिए 12.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तथा क्रमांक 2 के लिए 13.07.2023 को अपराह्न 3.00 बजे। ऑन लाइन निविदा प्रणाली के लिए निविदादातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-312)

# जरूरी है बातचीत

अभी जब भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका दौरे पर हैं, पेइचिंग से अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात की अच्छी खबर आई है। हालांकि ब्लिंकन की दो दिवसीय चीन यात्रा में दोनों देशों के बीच किसी विवादित मसले पर कोई बड़ी सहमति नहीं बनी, लेकिन फिर भी यह यात्रा पॉजिटिव संदेश देने में कामयाब रही। यात्रा के आखिरी दिन सोमवार को ब्लिंकन की शी चिनफिंग से भी मुलाकात हुई और उसके बाद दोनों देशों ने इस बात पर हामी भरी कि आपसी रिश्तों में स्थिरता लाने की जरूरत है ताकि उनकी प्रतिद्वंद्विता संघर्ष में न बदल जाए। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के तनावपूर्ण संबंधों के बीच बनी न्यूनतम सहमति भी राहत की बात है। ध्यान रहे, ब्लिंकन की यह यात्रा बड़ी मुश्किल से संभव हुई। 2018 के बाद से यह किसी अमेरिकी विदेश मंत्री की पहली चीन यात्रा है। यह इस साल फरवरी में ही होने वाली थी। लेकिन तब अमेरिकी वायु सीमा क्षेत्र में चीन के कथित जासूसी गुब्बारा पाए जाने पर हुए विवाद के चलते इसे टाल दिया गया था। बहरहाल, इस यात्रा का जो तात्कालिक मकसद था, वह पूरा होता दिख रहा है। तनाव में कमी साफ नजर आ रही है। दोनों तरफ से यात्राओं और बातचीत का सिलसिला जारी रखने की बात तय हुई है।

**पीएम मोदी अमेरिका यात्रा पर हैं। इस बीच खबर आई है कि अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात होगी। इस मुलाकात से दोनों देशों के आपसी रिश्तों में स्थिरता लाने की कोशिश की जा सकती है।**

आगामी महीनों में अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच मुलाकात की भी संभावना है। मगर इन तमाम अच्छी बातों के बीच भी इस ठोस हकीकत को नहीं भुलाया जा सकता कि तमाम अहम मसलों पर दोनों देशों का परस्परविरोधी रुख पूरी तरह कायम है। चीन ने ब्लिंकन की यात्रा के दौरान भी साफ कहा कि अमेरिका को उसके आंतरिक मामलों में दखलंदाजी बंद करनी चाहिए। उसका इशारा ताइवान की ओर था, जिसे वह अपना हिस्सा मानता है। साउथ चाइना सी में भी चीनी रवैये में बदलाव के कोई संकेत नहीं हैं। यूक्रेन युद्ध पर वह जिस शिद्दत से रूस का साथ दे रहा है, उस मामले में भी चीन की सोच बदलना अमेरिका के लिए मुश्किल है। सवाल और भी हैं। जिन वजहों से अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर की स्थिति बनी, वे भी अपनी जगह बरकरार हैं। जाहिर है, ऐसे में दोनों देशों के रुख में बड़े बदलाव की उम्मीद कम से कम निकट भविष्य में नहीं की जा सकती। लेकिन हितों का टकराव और आपसी मतभेद चाहे जितने भी हों, संवादहीनता और अनिश्चितता के हालात नहीं बनने चाहिए। इस लिहाज से अगर दुनिया के इन दो बड़े देशों में शीर्ष स्तर पर मुलाकात और संवाद की निरंतरता बनती है तो यह पूरी दुनिया के लिए अच्छी खबर होगी। भारत और चीन के आपसी रिश्तों को सुलझाने के लिहाज से भी वह माहौल ज्यादा सहायक हो सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**डबल इंजन का जुमला तो इसी भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी का आविष्कार है (वैसे सुपरफास्ट गाड़ियों में डबल इंजन लालू राज में लगा)। और यह जुमला आज हर विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल होता है-उन राज्यों में भी जहां भाजपा की सरकारें मोदी राज की पूरी अवधि में रही हैं। जाहिर है जहां भाजपा या एनडीए का शासन नहीं है उनको केंद्र की तरफ से गैर बराबरी और भेदभाव का व्यवहार मिलने की धमकी भी दी जाती है।**

# राजनीति ठीक है पर ऐसा पक्षपात न हो



अरविंद मोहन



कई राज्यों की यह शिकायत भी रही है कि केंद्र उनके साथ सौतेला व्यवहार करता है। आंकड़े और सबूत भी पेश किए जाते हैं। पर यह याद करना अप्रासंगिक नहीं है कि यह शिकायत डबल इंजन का जुमला प्रचलित होने के पहले से है और इस पक्षपात को दूर करने के लिए सरकारिया आयोग समेत अनेक आयोग भी बन चुके हैं।

इतिहास की कहानियों को दोहराने का बहुत मतलब नहीं है क्योंकि नई स्थितियां नए रेस्पान्स की मांग करती हैं। जब पंडित नेहरू द्वारा चुनाव प्रचार में सरकारी विमान के इस्तेमाल का मुद्दा उठा करता था तब किसी ने यह थोड़े ही सोचा था कि हमारे एक प्रधानमंत्री की उनके घर में ही हत्या हो जाएगी और एक अन्य पूर्व प्रधानमंत्री की चुनाव प्रचार के दौरान हत्या कर दी जाएगी। वैसे इंदिरा गांधी के समय से ही सेना के विमान का इस्तेमाल और पार्टी द्वारा उसका भाड़ा देने का चलन शुरू हुआ था। आज की स्थिति उससे काफी आगे है और कहना न होगा कि आज खतरा और ज्यादा माना जाता है। लेकिन चुनाव में प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा या केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा किसी और बहाने सरकारी विमानों की सेवा लेने वाला मसला भर नहीं है। आज तो चुनावी वायदे, लोक लुभावन कार्यक्रम, कथित विकास योजनाओं की पक्षपाती सौगात और अब सबसे बढ़ाकर लाभार्थी जमात पर सरकारी धन लुटाने समेत काफी सारे ऐसे मामले सामने आते जा रहे हैं जो पहले के चुनाव और नेताओं को खुद ब खुद बहुत पाक साफ बताते हैं। स्थिति ऐसी हो गई है कि प्रधानमंत्री समेत सभी प्रमुख नेता इस खर्च का रोना रोते भी हैं और होड़ को आगे भी बढ़ाते जा रहे हैं।

**पहले ज्यादा शिकायत केंद्र द्वारा राजनैतिक धौंस दिखाने और अनुचित दखल देने के ही होते थे, संसाधनों के बंटवारे में भेदभाव के कम।**

डबल इंजन का जुमला तो इसी भाजपा और मोदी-शाह की जोड़ी का आविष्कार है (वैसे सुपरफास्ट गाड़ियों में डबल इंजन लालू राज में लगा)। और यह जुमला आज हर विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल होता है-उन राज्यों में भी जहां भाजपा की सरकारें मोदी राज की पूरी अवधि में रही हैं। जाहिर है जहां भाजपा या एनडीए का शासन नहीं है उनको केंद्र की तरफ से गैर बराबरी और भेदभाव का व्यवहार मिलने की धमकी भी दी जाती है और इधर तो डबल इंजन के बाद ट्रिपल इंजन का नाम भी लिया जाने लगा है। इस बात पर मोदी जी की तरफ से भी किसी तरह की नाराजगी की खबर नहीं है कि स्थानीय निकाय या पंचायत चुनाव में उनका नाम और उनकी सरकार के इकबाल को क्यों दांव पर लगाया जा रहा है न नाम इस्तेमाल करने वालों को इस बात का कोई लिहाज है। कई राज्यों की यह शिकायत भी रही है कि केंद्र उनके साथ सौतेला व्यवहार करता है। आंकड़े और सबूत भी पेश किए जाते हैं। पर यह याद करना अप्रासंगिक नहीं है कि यह शिकायत डबल इंजन का जुमला प्रचलित होने के पहले से है और इस पक्षपात को दूर करने के लिए सरकारिया आयोग समेत अनेक आयोग भी बन चुके हैं। पहले ज्यादा शिकायत केंद्र द्वारा राजनैतिक धौंस दिखाने और अनुचित दखल देने के ही होते थे, संसाधनों के बंटवारे में भेदभाव के कम।

भाई अरविन्द केजरीवाल से पूछेंगे तो वे शिकायतों का अंबार लगा देंगे- राजनैतिक, प्रशासनिक दखल के साथ आर्थिक भेदभाव के भी। यह अलग बात है कि राजस्व के मामले में अव्वल दिल्ली में केजरीवाल सरकार को अपनी योजनाओं पर अमल के लिए कभी धन की कमी नहीं हुई। उलटे उन पर ही शराब की नदियां बहाकर धन जुटाने और अपने प्रचार पर बेइंतहा धन खर्च करने के आरोप रहे हैं। केजरीवाल हों या ममता बनर्जी, सिद्धारमैया हों या चंद्रशेखर राव अधिकांश विपक्षी दलों वाली राज्य सरकारों के मुखिया केजरीवाल को सही बताएंगे। और अभी तो पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य चुनाव आयोग (जो कई बार केंद्र के एजेंट की तरह भी व्यवहार करता रहा है) एक दिलचस्प कानूनी लड़ाई में उलझे हैं- पंचायत चुनाव में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के सवाल पर। इस मामले में हाई कोर्ट ने आयोग को सुरक्षा बल तैनात करने की अनुमति दे दी है। राज्य सरकार इस सवाल को सुप्रीम कोर्ट ले गई है। पश्चिम बंगाल में चुनाव का हिंसक इतिहास रहा है लेकिन पंचायत चुनाव में केन्द्रीय बल की तैनाती का मतलब तो ककड़ी के चोर को तोप से उड़ाना है। ऐसे 'अपराध' के लिए तो कनैठी ही काफी होती है।

बंगाल इससे भी ज्यादा साफ पक्षधरता को झेल रहा है। केंद्र ने हाल में उसके मिड-डे मिल के बजट में से 180 करोड़ रुपए काट लिए हैं। ऐसे स्कूलों में दोपहर का भोजन करने और बताए जाने वाली संख्या के अंतर के चलते किया गया है जिसकी शिकायत विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी ने की थी। एक तो बच्चों के दाखिले और उपस्थिति की संख्या में, उनके ड्राप आउट होने के कारण और करोड़ों भोजन बनाने-खिलाने के हिसाब की गिनती में फर्क आना स्वाभाविक है। दूसरे इस भोजन का हिसाब तो महत्व का है पर बच्चों का दाखिला बढ़ाना और उनके ड्राप-आउट होने की संख्या कम होना ज्यादा महत्व का है। किसी एक तिमाही की रिपोर्ट में संख्या कम दिखने पर केंद्र ने दन से पैसे काट ले यह तो कुछ ज्यादा ही सख्त सजा है और यह स्वस्थ केंद्र-राज्य संबंध का आधार नहीं बन सकता। दाखिला बढ़े, बच्चे पढ़ाई न छोड़ें, नियमित स्कूल आएं और दोपहर का भोजन करते रहें, इन सब पर ध्यान दिया जाना चाहिए।

एक और तथ्य है जो इस केंद्र सरकार के फैसले पर सवाल खड़े करता है। दो दिन पहले उसने यह साफ किया कि वह अनाज बाजार में कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए दखल देगी अर्थात अपने भंडार से खुले बाजार में अनाज उतारेगी लेकिन इस अनाज की खरीद में राज्य सरकारें हिस्सा नहीं ले सकतीं। यह सिर्फ उन चालीस-पचास करोड़ उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है जो केंद्र की मुफ्त राशन योजना के लाभ से बाहर हैं। मुफ्त राशन योजना के दायरे में अस्सी करोड़ लोग आते हैं (जबकि सरकार का दावा गरीबों की संख्या बीस करोड़ से भी नीचे हो जाने का है)। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में कांग्रेस ने हर व्यक्ति को प्रतिमाह दस-दस किलो मुफ्त चावल देने का वायदा किया था और इसके बारे में नई सरकार ने फैसला भी कर लिया है। बल्कि उसने 13,879 टन चावल खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू की। ठीक उसी समय केंद्र का यह फैसला आया है। और हर आदमी मानता है कि चार राज्यों के चुनाव के मद्देनजर सरकार खाद्यान्न की कीमतें बढ़ाने देने का जोखिम मोल नहीं ले सकती जबकि बाजार में निर्यात पर पाबंदी और कई तरह के स्टाक लिमिट के बावजूद चावल ही नहीं गेहूं की कीमतें भी बढ़ती जा रही है। केंद्र अपनी जिम्मेदारी निभाए लेकिन खुले बाजार की बिक्री में भी किसी खास जमात पर रोक की भावना का समर्थन नहीं किया जा सकता।

## जमशेदपुर की खबरें

### लौहनगरी के नागरिकों और कंपनी के कर्मचारियों ने स्वस्थ रहने का दिया संदेश

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर टाटा स्टील के प्रयास से हुआ योग सत्र का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में टाटा स्टील के प्रयास से इंटरैक्टिव योग सत्र का आयोजन किया गया। बुधवार को योग सत्र में मुख्य अथिति टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट उत्तम सिंह शामिल हुए। मौके पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लौहनगरी जमशेदपुर के लोगो को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। साथ ही स्वास्थ्य जीवन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा शहरवासियों के शारीरिक व मानसिक कल्याण के लिए टाटा स्टील ने अपनी प्रतिबद्धता के तहत जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर्पित योग कॉर्नर की स्थापना की गयी। योग सत्र में लगभग 1200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। योग विशेषज्ञ अरविंद प्रसाद के द्वारा एक घंटे के कार्यक्रम में सूर्य नमस्कार, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, नौका आसन, मर्कट आसन, कंधरा आसन, गोमुख आसन, मांडूक आसन, अर्ध मत्स्य आसन, अनुलोम-विलोम, भद्रिका, कपालभाति प्राणायाम, योग आसनों का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर रोज गार्डन और टाटा मेन अस्पताल में भी योग सत्र का आयोजन की गई। जहा संचालन योग प्रशिक्षक आरपीएस यादव के द्वारा किया गया। सत्र में 60 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। वही सुरक्षा विभाग के द्वारा आयोजित योग सत्र में 250 कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर टाटा स्टील वर्क्स के कर्मचारियों के लिए भी व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा का स्टीलेनियम हॉल में आयोजन किया गया।

# भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है योग: काले



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने जिले वासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर श्री काले ने कहा योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह मन व शरीर की एकता के प्रतीक है।विचार, कार्रवाई, संयम व पूर्ति मनुष्य और प्रकृति के बीच सद्भाव स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण है। यह अभ्यास के लिए नहीं बल्कि अपने आप, दुनिया और प्रकृति के साथ एकता की भावना को खोजने के लिए है। श्री काले ने कहा योग से जीवन शैली में बदलाव व चेतना पैदा करने के लिए अच्छी तरह से मदद हो सकता हैं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर 21 जून 2015 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था, जिसके बाद से हर साल 21 जून को योग दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस साल अंतरराष्ट्रीय योग दिवस वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत पर वन वर्ल्ड, वन हेल्थ रखी गई है। अपने आप को स्वस्थ्य व तंदरुस्त रखने के लिए सभी को योग करना चाहिये ताकि स्वस्थ्य रह सके। श्री काले ने जिले वासियों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को अपनाने की दिशा में काम करने की अपील की।

### आरवीएस कॉलेज में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुभारंभ

# प्रथम बैच के पचास बच्चों का नामांकन शुल्क माफ होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर सहित झारखंड के छात्र छात्राओं को शिक्षा के जगत में और बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने प्रयास शुरू कर दिये हैं। डिप्लोमा पाठयक्रम शुरू करने की अनुमति एआइसीटीई ने दे दी है। इस वर्ष यह पाठयक्रम सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए दी गयी है। ज्ञात हो कि आरवीएस कॉलेज पूरे राज्य में अग्रणी कॉलेजों में से एक है। 19 वर्षों में कॉलेज ने लगातार इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कई स्वर्ण पदक विजेता दिये हैं। इस वर्ष भी 2017 बैच के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र को कोल्हान विश्वविद्यालय ने स्वर्ण पदक से नवाजा है। इस बेहतरीन सफलता का सिर्फ और सिर्फ एक कारण है यहां की पढ़ाई की गुणवत्ता। आरवीएस ने पिछले वर्ष बीसीए और बीबीए के पाठयक्रम को शुरू किया और इस वर्ष डिप्लोमा की शुरूआत भी हो गयी। बीसीए और बीबीए कोर्स के लिए झारखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने 60/60 सीटें दी हैं। यह अन्य वोकेशनल कोर्स की तरह न होकर एक हाईब्रीड कोर्स है। आरवीएस तकनीकी शिक्षा तथा औद्योगिक मांग के अनुसार छात्रों को तैयार करती है। इस कोर्स को इंरनेशनल मार्केटिंग, सेल्स मार्केटिंग, डिजिटल मार्केटिंग अन्य कोर्सेस से अलग बनाती है। इसी प्रकार बीसीए के लिए डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, क्वांटम कंप्यूटिंग इस बीसीए कोर्स को हाईब्रीड बनाता है। बढ़िया इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं निम्नतम फीस की वजह से बच्चों में काफी रूझान है।

डिप्लोमा इंजीनियरिंग के छात्रों की भारी जरूरत को देखते हुए आर वी एस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ने इसी सत्र से अपने यहां डिप्लोमा इंजीनियरिंग खोलने का निर्णय लिया। यह डिप्लोमा कोर्स, झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची सरकारी तकनीकी विश्वविद्यालय के अधीन है। तकनीकी विश्वविद्यालय के सर्टीफिकेट का महत्व समान्य प्राइवेट यूनिवर्सिटी से काफी ज्यादा है। डिप्लोमा के क्षेत्र में संस्थान को एआइसीटीई ने सिविल इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60 एवं मेकैनिकल इंजीनियरिंग में 60 सीटें दी हैं। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के डिप्लोमा सेलेबस के अलावा भी संस्थान इंजीनियरिंग कोर्स की तरह डिप्लोमा के भी, द्वितीय सेमेस्टर में सॉफ्ट स्किल तृतिय सेमेस्टर में आइआइटी खड़गपुर से एनपीटीएल कोर्स चतुर्थ एवं पंचम सेमेस्टर में इलेक्ट्रिकल वेहिकल लर्निंग एवं छठे सेमेस्टर में इंडस्ट्रियल टेनिंग को शामिल किया गया है। डिप्लोमा कोर्स के लिए शुल्क भी निम्नतम रखा गया है जो कि 21500/- प्रति सेमेस्टर है। डिप्लोमा के प्रथम बैच में नामांकन कराने वाले प्रथम 50 बच्चों को नामांकन शुल्क पूर्णतः माफ किया जायेगा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हम अपनी गुणवता में बढ़ोतरी के लिए सिर्फ सिलेबस पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करते हैं, बल्कि छात्रों के स्किल को बढ़ाने के लिए अन्य कोर्स भी कराते हैं, ताकि प्लेसमेंट में हमारे छात्र आगे रहें।इसके लिए प्रत्येक वर्ष 85 से 90 प्रतिशत छात्रों का प्लेसमेंट कराने में भी सफल रहे है। संस्थान के कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने कहा कि इस वर्ष 100 छात्र एनपीटीएल कोर्स में क्वालिफाई की है। कई वर्षों से छात्र-छात्राओं के अभिभावक एवं कंपनी के ऑफिसर्स भी यही चाहते थे डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करायें जायें। कड़ी मेहनत का असर है आज हर क्षेत्र में सफल हो रहे हैं। संस्थान के सचिव भरत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में आरवीएस कॉलेज में बी फार्मा, डी फार्मा औरनर्सिंग कोर्स को जोड़ने प्रयास किया जा रहा है। निदेशक डॉ आरएन गुप्ता ने भी डिप्लोमा पाठ्क्रम के जुड़ने की बधाई दी।

# काले अक्षरों से लिखे जायेंगे मोदी सरकार के नौ साल : सुधीर कुमार पप्पू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** केंद्र में मोदी सरकार ने 9 साल पूरे कर ली लेकिन जनहित में कोई काम नहीं हुई। उन्होंने कहा केंद्र सरकार के 9 साल में कोई भी वादे पूरे नहीं हुई। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के जनता से वादा किए थे स्विस बैंक में जमा काले धन वापस लाएंगे, देश में 100 शहर को स्मार्ट सिटी बनाएंगे, हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे, देश मे बेघर लोगों को 2022 तक पक्का मकान देंगे, गंगा की सफाई होगी। लेकिन इस तरह की कई वादे मोदी सरकार ने 9 सालों में पूरा नहीं कर सकी। राजद नेता व अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कई बैंकों को हजारों हजार करोड़ का चूना लगाकर नीरव मोदी, विजय माल्या सहित कई लोगों ने देश छोड़कर फरार हो गया। आज इंग्लैंड में बैठा है। मोदी सरकार को इस संदर्भ में ब्रिटेन की सरकार से बात करना चाइए। उन्होंने कहा काला धन वापसी मामले पर मोदी सरकार अब तक कुछ भी नही किया। प्रधानमंत्री ने गरीबों को मदद करने के बजाय अंबानी और अडानी को लाखों करोड़ का टैक्स माफ कर दिया। अदानी के पास 20000 करोड़ किसका है। इस पर कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने मीडिया के समक्ष खुलेआम कहा वह पैसा मोदी जी का है। इस पर उन्होंने कोई खंडन नहीं दी। मोदी सरकार के 9 सालों में समाज में सांप्रदायिकता के आधार पर नफरत फैलाया गया। देश में एक अजीब तरह का माहौल भाजपा और सरकार की ओर से बनाया गया। युवतियों और महिलाओं के साथ गलत व्यवहार करने वाले को सरकार ने बचाया। इस तरह हर मोर्चे पर मोदी सरकार विफल रही। इसी कारण से देश में भाजपा के खिलाफ माहौल है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रामासाहू स्टेडियम में योग शिविर आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रामासाहू स्टेडियम गढ़वा में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। योग शिविर का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अलखनाथ पांडेय के द्वारा किया गया। योग शिक्षक पिंटू प्रजापति एवं धर्मनाथ झा के द्वारा योग शिविर में आये सभी लोगों को योग करवाया गया। योग शिविर में मुख्य रूप से जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश तिवारी, मुकेश रंजन सिन्हा, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, भुवनेश्वर सोनी, अभिमन्यु चौबे, श्यामा चौबे, अशोक प्रसाद, दिनेश पासवान, संजय ठाकुर, प्रमोद तिवारी गुड्डू, अमित केसरी, रमण केसरी, गौरव जसवाल, संजय सिंह अग्रहरि, मनोज गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, भरदुल पासवान, भोला गुप्ता, राहुल सिंह, अरविंद ठाकुर, सचिन कुमार, बिट्टू केसरी, सुनील पासी, पंकज जायसवाल, विक्की पाठक, शुभम अग्रवाल शामिल थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में योग दिवस मना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विश्व योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने योग किया, साथ ही विद्यालय के सभी वर्ग के बच्चों को ऑनलाइन के माध्यम से जोड़कर योग करवाया और योग की विशेषताओं के बारे में बतलाया गया। विद्यालय के योग शिक्षक अलोक सर ने सूर्य नमस्कार के साथ वज्रासन, तडासन, वृक्षसन इत्यादि योग के असनों को करवाकर इससे होने वाले लाभ को भी बताया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएन जेम्स ने कहा कि योग जीवन की महत्वपूर्ण हिस्सा है, प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपने जीवन में उतरना चाहिए। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक, सुमित, वेदव्रत, अमित, सत्यप्रकाश, सूरज, आलोक, प्रत्युश,रागनी, अंजली, कविता, रश्मि, नेहा, सोनी,शबनम इत्यादि शिक्षकों के साथ विद्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### आरकेवीएस संस्थान में मना योग दिवस



**गढ़वा (आजाद सिपही)।** आरकेभीएस संस्थान में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में योग अभ्यास कराया गया। जिसमें प्राचार्य, प्राध्यापक, शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मचारी के साथ-साथ उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने छात्र-छात्राओं को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने की कला पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सभी प्राध्यापकों और छात्रों को महाविद्यालय के द्वारा योग पुस्तक प्रदान किया गया। महाविद्यालय के योग शिक्षक प्रोफेसर सतीश तिवारी ने सभी को योग कराया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यापक आनंद मिश्रा, राजन चौबे, राजेंद्र चौबे, रितेश कुमार, प्रवीण कुमार, रंजना कुमारी, रोहित कुमार, रुद्राणी कुमारी, सरवन कुमार, अंगद कुमार, निशा केसरी, अनिकेत कुमार केसरी, नीरज कुमार, मंगल कुमार, मंजेश चौधरी, प्रियजली कुमारी आदि छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### मझिआंव में सभी कार्यालयों में मना योग दिवस



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना परिसर एवं सरकारी एवं गैर सरकारी परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने योग किया गया। वही योग करने के पश्चात थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने योगा करने के फायदे को बताया। थाना परिसर में थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो के साथ सभी थाना के सशस्त्र बल, स्टाफ योग करते देखे गए।

### रक्तदान कर बचायी महिला की जान



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा एवं लायंस ग्रीन के तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में क्लब के पूर्व चेयरपर्सन लायन अमित कश्यप ने रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि महिला को रक्त की नितांत आवश्यकता थी। प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्त्राव हो गया था। जानकारी मिलने के पश्चात मैंने रक्तदान किया। यह मेरा 41वां रक्तदान है। मौके पर उपस्थित डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमें एक दूसरे के प्रति सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए। मौके पर संतोष अग्रवाल, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, विवेक कश्यप, मिथिलेश कश्यप, सौम्य, श्रेष्ठ, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला प्रशासन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# डीसी और अफसरों के साथ आम लोगों ने किया योगासन

**कार्यक्रम के अंत में गढ़वा जिला को नशामुक्त रखने को लेकर सभी से संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर जिला आयुष समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति गढ़वा के संयुक्त तत्वावधान में वासुधैव कुटुम्बकम के लिए योग, हर आंगन योग की थीम पर जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर वृहद रूप से योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में स्थानीय नागरिक समेत पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। इसी कड़ी में टाउन हॉल गढ़वा के मैदान में जिला स्तर पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर ने भाग लिया एवं जिलावासियों, पदाधिकारी, कर्मियों संग योग किया। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के योग गुरु, अरुण कुमार मिश्र उर्फ फलारी बाबा द्वारा सभी को योग के फायदे बताते हुए उन्हें विभिन्न योगासन कराया गया। इनमें मुख्य रूप से अलोम विलोम, भद्रासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, कपालभाति समेत अन्य योगासन कराते हुए इनके फायदे बताए गए। पूरे योगासन के दौरान लोगों में भी योग के प्रति रुचि दिखी। कार्यक्रम में मंच से संबोधित करते हुए उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कई महत्वपूर्ण बातें कहीं एवं स्वस्थ शरीर के लिए योग की भूमिका को अहम बताया। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए अपने दिनचर्या जीवन में योग को जोड़ने को कहा। जिससे स्वस्थ शरीर एवं निरोग जीवन की प्राप्ति हो सके। उपायुक्त ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे गढ़वा जिला में इसे विभिन्न प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर मनाया जा रहा है, जिससे लोग इसकी महत्ता को समझें और प्रतिदिन योग कर निरोग रह सकें। अंतरराष्ट्रीय योग का यह मुख्य कार्यक्रम प्रातः 7 बजे से 7.45 तक चला। कार्यक्रम के अंत में गढ़वा जिला को नशामुक्त रखने को लेकर सभी से संकल्प एवं शपथ भी दिलाई गई। योग कार्यक्रम के इस सफल आयोजन को लेकर पतंजलि एवं आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कृष्ण कुमार एवं अन्य संबंधित की प्रशंसा की गई।

कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, राज महेश्वरम, सिविल सर्जन, डॉ अनिल कुमार, स्थापना उप समाहर्ता, अरुण उंराव, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय, जिला योजना पदाधिकारी, संजीव कुमार सिंह समेत उपाधीक्षक सदर अस्पताल, डीपीएम जेएसएलपीएस, काफी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं पदाधिकारी, कर्मी एवं चिकित्सकों ने भाग लिया।

## वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के शैक्षणिक संस्थानों में मना योग दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट फरठिया गढ़वा द्वारा संचालित बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित होने वाले सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा वनांचल डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, देवकी महावीर होम्योपैथीक मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च हॉस्पिटल, वनांचल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, वनांचल स्कूल ऑफ नर्सिंग, दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन, वनांचल कॉलेज ऑफ साइंस तथा वनांचल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एंड रिसर्च के प्राचार्यगण, प्रध्यापकगण, छात्र-छात्राएं कर्मचारीगण तथा ट्रस्ट के संचालक दिनेश प्रसाद सिंह ने अंतरास्ट्रीय योग दिवस में हिस्सा लिया। योग प्रशिक्षक सह दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राध्यापक ओम प्रकाश द्वारा योग का संचालन किया गया। ट्रस्ट के संचालक ने उपस्थित सभी लोगों को योग दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि योग प्रतिदिन करें और निरोग रहें। योगाभ्यास में प्राचार्य डॉ पीडी तिवारी, डॉ मरियम्मा जकारिया, डॉ बसवराज, डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, होम्योपैथिक के निदेशक डॉ नन्द किशोर प्रसाद तथा ट्रस्ट के प्रशाशनिक पदाधिकरीगण सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार, एसके ओझा इत्यादि उपस्थित रहे।

## व्यवसायी सह ठेकेदार के घर हुई गोलीबारी की घटना में शामिल एक अपराधी गिरफ्तार

**अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी पुलिस जल्द कर लेगी : एसडीपीओ**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** शहर के व्यवसायी सह ठेकेदार मिठू जायसवाल के घर हुई गोलीबारी की घटना में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापेमारी अभियान चला रही है। नगर उंटारी थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि गढ़वा थाना क्षेत्र के झलुआ गांव निवासी स्व. फुजैल अहमद के पुत्र सकील अहमद उर्फ सोनू खान को गिरफ्तार किया गया है। सोनू ने गोलीबारी की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार कर ली है। इस घटना में अभी तक 3-4 लोगों का नाम अनुसंधान में आ रहा है। अन्य की भी गिरफ्तारी पुलिस जल्द कर लेगी। एसडीपीओ ने बताया कि 13 तारीख की मध्यरात्रि में धुरकी मोड़ स्थित मिठू जायसवाल के घर पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके बाद एसपी द्वारा मामले का उद्भेदन के लिए एक टीम गठित की गई थी जिसमें एसडीपीओ, नगर उंटारी थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, धुरकी थाना प्रभारी सदानंद कुमार और एसआई कुमार विक्रम सिंह शामिल थे। अनुसंधान के दौरान गढ़वा के झलुआ से सोनू खान की गिरफ्तारी की गई। सोनू खान का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। उन्होंने बताया कि जेल में बंद अपराधी खुस्तर अंसारी गैंग के लोगों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। पूर्व में भी खुस्तर अंसारी द्वारा मिठू जायसवाल से लेवी मांगी जा चुकी है। एसडीपीओ ने बताया कि गोलीबारी करने का मुख्य कारण लेवी मांगने के साथ लोगों में दहशत पैदा करना है। प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर स्वर्णलता कुजूर, थाना प्रभारी नीतीश सिंह, कुमार विक्रम सिंह भी मौजूद थे।

### सीआरपीएफ कैंप में मना योग दिवस

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला स्थित सीआरपीएफ मुख्यालय कैंप एवं सुदूर इलाकों में नियुक्त 172 बटालियन सीआरपीएफ के विभिन्न कंपनी में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर 172 बटालियन के यूआर रामेश्वरम, उप कमांडेंट मुंबईकर अक्षय पांडुरंग, सहायक कमांडेंट सूबेदार मेजर रणवीर सिंह अधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

### जेइइ एडवांस 2023 में जीएन कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा सोनाली कुमारी की सफलता पर शिक्षकों ने दी बधाई



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल की छात्रा सोनाली कुमारी ने जेईई एडवांस की परीक्षा में 6954वां स्थान लाकर सफलता का परचम लहराया है। सोनाली कुमारी, पिता प्रवीण दुबे एवं माता ज्योति देवी सहिजना की पुत्री है। वह शुरू से ही मेधावी और कुशाग्र बुद्धि की छात्रा रही है। जिसने कठोर परिश्रम एवं लगन से यह सफलता अर्जित की है। वह जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सत्र 2021-2023 की इंटर मैथ साइंस की विद्यार्थी रही है। वह 99.1186% लाकर आईआईटी के लिए चयनित हुई है। इंटर साइंस की परीक्षा में भी उसने 92% से अधिक अंक लेकर सफलता अर्जित की है। उसने अपने मामा के मार्गदर्शन एवं माता-पिता और अपने गुरुजनों के आशीर्वाद से यह मुकाम पाई है। स्कूल के निदेशक मदन केशरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई व उज्वल भविष्य की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को सोनाली से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिसने बिना कोचिंग एवं ट्यूशन के स्वाध्याय के बल पर सफलता हासिल की। वहीं स्कूल की स्टूडेंट के सफल होने पर सभी शिक्षक और विद्यार्थी खुशी और गर्व महसूस कर रहे हैं। सभी ने अपनी ओर से शुभकामनाएं और बधाई दी।


**कार्यालयः– जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू**

पत्रांक..............................पलामू/ दिनांक.........................

**कार्यालय सुचना**

**PR.no.-299959**

जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू के द्वारा चंलत ग्राम क्लिनिक के लिए outsourcing के तहत् निकाले गये पदों पर आहूत स्कील परीक्षा की तिथि में परिवर्तनकरते हुए दिनांक 27.06.2023 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से उप विकास आयुक्त, सभागार में आहूत की जाती है।

शेष शर्त यथावत रहेगी। ह0/–

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 300497 (District)23-24*D

**कार्यालय उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार (समाज कल्याण शाखा)जिला बाल संरक्षण इकाई**

**–: बाल कल्याण समिति, लातेहार के आदेश से गुमशुदा बालक की सूचनाः–**



एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बालक का नाम– अज्ञात, पिता–अज्ञात उम्र– लगभग 15वर्ष को लातेहार पुलिस द्वारा RESCUE कर बाल कल्याण समिति लातेहार में दिनांक 11.12.2022 को प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में बाल कल्याण समिति लातेहार के आदेश से रोज बालगृह में आवासित है। बालक मूक बधिर है और अपना नाम, पता परिवार का कोई भी विवरण बताने, लिखने में असमर्थ है।

अतः बालक या उसके परिवार के संबंध में यदि कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे जिला बाल संरक्षण इकाई, कार्यालय लातेहार को उपलब्ध कराया जा सकता है।

दुरभाष संख्या– 6202846184, 7004889432

प्रकाशन कार्यालय– जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, लातेहार (महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग राँची झारखण्ड)

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार

PR 300572 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D

**समाहरणालय, गढ़वा (जिला निर्वाचन शाखा)**

E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com

**–::मतदाताओं के लिए आम–सूचना ::–**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 23/2023/ERS(III) दिनांक 29.05.2023 द्वारा दिनांक 01.01.2024 को अहर्त्ता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम, 2024 के तहत् मतदाता सूची में पंजीकरण, सुधार आदि करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित की गई हैः–

| क0 | पुनरीक्षण का कार्यकम | निर्धारित अवधि |
|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियाँ (सभी संबंधितों को प्रशिक्षण, बी0एल0ओ0 द्वारा घर–घर सत्यापन कार्य, मतदाता सूची में व्याप्त त्रुटियों को चिन्हित करना एवं उसका निराकरण, मतदाता सूची में दर्ज Repeated/Multiple entries/ Demographically similar entries/ Dead elector entries आदि की पहचान कर नियमानुसार शुद्धिकरण की कार्रवाई, मतदान केन्द्रों का व्यवस्थीकरण, कंट्रोल टेबल अद्यतन करना आदि कार्य) | दिनांक 01.06.2023 (गुरूवार) से दिनांक 30.09.2023 (शनिवार) |
| 2 | एकीकृत मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन | दिनांक 17.10.2023 (मंगलवार) |
| 3 | मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, शुद्ध करने तथा स्थानान्तरित करने हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त करना | दिनांक 17.10.2023 (मंगलवार) से दिनांक 30.11.2023 (गुरूवार) |
| 4 | विशेष अभियान दिवस | दावा/आपत्ति प्राप्त करने की अवधि में दो शनिवार एवं दो रविवार (विभागीय स्तर से निर्धारित तिथि) |
| 5 | दावा/आपत्ति का निष्पादन | दिनांक 26.12.2023 (मंगलवार) तक |
| 6 | • मतदाता सूची के स्वास्थ्य मानकों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना<br>• डाटाबेस को अपडेट करना और सप्लीमेंट्स की छपाई | 01.01.2024 (सोमवार) तक |
| 7 | मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 05.01.2024 (शुक्रवार) |

* 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर की अहर्त्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यताधारी नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने हेतु प्रपत्र–6 में रंगीन फोटो तथा आयु एवं निवास प्रमाण–पत्र के साथ आवेदन कर सकते हैं।
* प्रवासी भारतीय मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र–6क में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 में आवेदन कर सकते हैं।
* मतदाता सूची में प्रविश्टियों में सुधार, मतदाता पहचान पत्र प्रतिस्थापन, दिव्यांगन चिन्हांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अंदर अथवा बाहर निवास स्थानान्तरण हेतु प्रपत्र–8 में आवेदन कर सकते हैं।
* दावा एवं आपत्ति आवेदन यथा प्रपत्र–6, प्रपत्र–6क, प्रपत्र–7 एवं प्रपत्र–8 BLO/AERO/ERO कार्यालय में दिनांक 30.11.2023 तक समर्पित किया जा सकता है। सभी प्रपत्र निःशुल्क उपलब्ध है।
* विभाग द्वारा निर्धारित तिथि (दो शनिवार एवं दो रविवार) को सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। उक्त तिथियों को मतदान केन्द्रों पर बी0एल0ओ0 के द्वारा पंजीकरण/सुधार आदि हेतु दावा/आपत्ति प्राप्त किया जाएगा।
* सभी प्रपत्रों का Online आवेदन **Voter Help Line App** एवं voterserviceportal के माध्यम से किया जा सकता है।
* सभी प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट **eci.gov.in** अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के वेबसाईट **ceo.jharkhand.gov.in** पर भी उपलब्ध है।
* प्रपत्रों में अपना ईमेल आईडी एवं मोबाईल नं0 अवश्य लिखें ताकि आयोग द्वारा निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों से आपको अवगत कराया जा सके।
* मतदाता सूची में पंजीकरण/सुधार करने एवं इससे संबंधित किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इस आम सूचना से सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यकम के अनुरूप योग्य नागरिक अपने मतदान केन्द्र क्षेत्र के बी0एल0ओ0/ए0ई0आर0ओ0/ई0आर0ओ0 कार्यायल से विहित प्रपत्र प्राप्त कर मतदाता सूची में निबंधन/संशोधन हेतु अपना आवेदन समर्पित करें।

सभी राजनीतिक दल, गढ़वा जिला के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थान के प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील है कि इस कार्यकम का अपने स्तर से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे एवं वैसे सभी योग्य नागरिक जो 18+ आयुवर्ग के हैं, का नाम मतदाता सूची में निबंधित कराने हेतु अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.300507 Election(23-24):D


**बैठक :** भाजपा भवनाथपुर विधानसभा की संयुक्त मोर्चा बैठक सह सम्मान समारोह आयोजित

# मोदी जी के नौ साल में किये गये कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने का लिया गया संकल्प

**भाजपा कार्यकर्ताओं के सहारे मोदी जी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं जन जन तक पहुंची हैं : वीडी राम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी भवनाथपुर विधानसभा की संयुक्त मोर्चा बैठक एवं वरिष्ठ कार्यकताओं की टिफिन बैठक सह सम्मान समारोह का कार्यक्रम स्थानीय परिसदन भवन श्री बंशीधर नगर में आयोजित की गई। बैठक में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी मोर्चा के सातों मोर्चा के अधिकारी, सांसद एवं विधायक के बीच संगठन मजबूती एवं नौ साल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनसंपर्क महाअभियान के तहत हर बूथ तक मोदी जी के नौ साल में किए गए कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने एवं बूथ सशक्तिकरण करने का संकल्प लिया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ टिफिन बैठक उनके साथ सामूहिक भोज एवं उनके सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी एवं रीढ़ हैं। जिसके सहारे मोदी जी के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की योजनाएं जन जन तक पहुंची हैं। आज कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा गढ़वा जिला में नित नए आयाम विकास के क्षेत्र में बढ़ रही है, जिसका जीता जागता उदाहरण सोन नदी पर पुल, फोरलेन बाईपास एवं सोन से लिफ्ट कर पानी सिंचाई की योजनाएं तथा गढ़वा में 20 मेगावॉट सोलर प्लांट की मंजूरी चाहे गढ़वा हॉस्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना अन्य कई योजनाएं साकार हो सकी है। बैठक में क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि कार्यकर्ताओं के दम पर आने वाले चुनाव में भाजपा एक नया इतिहास जोड़ते हुए रिकॉर्ड मतों से देश एवं राज्य में सरकार बनाएगी। एवं भ्रष्टाचार मुक्त सरकार आपके कुशल नेतृत्व में सफल हो पाएगी। कार्यक्रम में शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडे, जवाहर पासवान, शिवधारी राम, अलखनाथ पांडे, इंद्रमणि जयसवाल, मुकेश चौबे, राजेश जयसवाल, अनीता गुप्ता, लक्ष्मण राम सहित अन्य ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विकास स्वदेशी ने किया एवं बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के द्वारा की गई। बैठक में सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष, भगत दयानंद यादव, अनिल चौबे, संजय कांस्याकार, संजय यादव, प्रदीप चौबे, अशोक सेठ, विभूति चौबे, ओम प्रकाश गुप्ता, मनीष यादव, लालमोहन यादव, अभिषेक चौबे, नंदकिशोर प्रसाद, जितेंद्र विद्यार्थी, हीरा प्रसाद, सुधीर प्रजापति सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खूंटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किया गया योग सत्र का आयोजन

# योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनायें

आजाद सिपाही संवाददाता


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते विधायक कोचे मुंडा व अन्य।

**खूंटी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर खूंटी में विभिन्न संस्थाओं और जिला प्रशासन की ओर से बुधवार की सुबह अलग-अलग स्थानों पर योग सत्र का आयोजन कर बेहतर स्वास्थ्य के लिए लोगों को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा बिरसा कॉलेज हॉकी स्टेडियम में सुबह छह बजे से आयोजित योग सत्र में योगाभ्यास के लिए बालाजी गुरुकुलम हैदराबाद के योग प्रशिक्षक अशोकानंद शास्त्री उपस्थित हुए। उन्होंने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया। जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी प्रशासनिक पुलिस पदाधिकारी, सुरक्षा बल के जवान, विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी, कर्मी के अलावा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक ने विभिन्न लाभकारी योगासन किये औ इनकी महत्ता से अवगत कराया। बताया गया कि योग हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक, भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या जुड़ना है। इस दौरान योग के कई लाभकारी आसन यथा खलासन, हलासन, वृक्षासन, उष्टासन व वज्रासन आदि आसन किये गए। वहीं, डीडीसी ने कहा कि योग से न सिर्फ स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। प्राणायाम व अन्य योगासन के माध्यम से नाक, गला आदि को पूर्णतया स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने परिवार के सदस्यों के साथ योग को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएं। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने कहा कि स्वस्थ शरीर और मन के लिए योग बहुत जरूरी है।

### खूंटी न्यायालय एवं उपकारा में योग शिविर का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर खूंटी कोर्ट और उपकारा में अलग-अलग योग शिविर का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय रांची के निर्देश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में खूंटी न्यायालय के आठ कोर्ट भवन में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम में अपर जिला जज प्रथम, संजय कुमार, अपर जिला जज द्वितीय, सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम, तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष दीपक कुमार विद्यार्थी सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी और न्यायालय कर्मी के अलावा सहित अधिवक्ता गण शामिल हुए। वहीं, डालसा की ओर से खूंटी उपकारा में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डालसा सचिव मनोरंजन कुमार, एलएडीसी के सभी सदस्य, जेल पदाधिकारी एवं आर्ट आफ लिविंग के सदस्यों ने उपकारा के कैदियों के साथ योगाभ्यास में भाग लिया।

### सीआरपीएफ 94 बटालियन में योग शिविर आयोजित

तजना भवन स्थित सीआरपीएफ 94 बटालियन में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हैदराबाद योग संस्थान के प्राचार्य अशोकानन्दजी एवं खूंटी जिले के पंतजली योग के युवा अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित जवानों को विभिन्न प्रकार के योगा आसन का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट राधेश्याम सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश रंजन मिश्र, उप कमांडेंट अंजन कुमार मंडल व संतोष कुमार आदि शामिल हुए।

### भाजपा कार्यालय में योग शिविर का हुआ आयोजन

भाजपा के खूंटी जिला कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार सुबह योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। योग शिविर के बाद कार्यालय परिसर में विधायक द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## योग करने से नहीं होगी किसी तरह की बीमारी : कोचे मुंडा

तोरपा। तोरपा में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रखंड मुख्यालय सहित थाना और कई शिक्षण संस्थानों में लोगों ने योगाभ्यास किया। प्रखंड मुख्यालय में विधायक कोचे मुंडा ने भी योगासन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को नियमित योगासन करना चाहिए योग करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और उसे किसी प्रकार की बीमारी नहीं होती है। हमें नियमित रूप से प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योगासन जरूर करना चाहिए। इस दौरान पतंजलि के उमेश यादव ने योगाभ्यास कराया गया। मौके पर प्रमुख रोहित सुरीन, बीडीओ दयानंद कारजी, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, मुखिया विनिता नाग, जॉन तोपनो, सिहत कई लोगों ने योगाभ्यास किया।

## सोनाहातू व राहे में किया गया सामूहिक योग

**सोनाहातू/राहे (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सोनाहातू और राहे प्रखंड में बुधवार को सामूहिक योगाभ्यास किया गया। वक्ताओं ने योग के फायदेमंद बताया। इस दौरान बच्चे, महिला और बुजुर्गों ने भी योगाभ्यास किया। सभी ने प्रतिदिन योगा करने का संकल्प लिया। वहीं, राहे प्रखंड के सताकी एसएसबी 26 वीं बटालियन ए कंपनी के जवानों ने जोन्हा फॉल के तराई में सामूहिक रुप से योगा किया। इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार, एएसआई तिलकराज के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। राहे सर्वोदय स्कूल परिसर में गायत्री परिवार के महेंद्र नाथ महतो और विष्णुचरण महतो ने स्कूली बच्चों को योगाभ्यास कराया। वहीं, सोनाहातू प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ सुचित्रा मिंज के नेतृत्व में प्रखंड और अंचल कर्मियों ने योगाभ्यास किया। जेएसएलपीएस के महिला समूह अभिलाषा कुमारी और ललित कुमार के नेतृत्व में चिरगालडीह, पोआदिरी, गलऊ गांव में योगाभ्यास किया। गलऊ पंचायत सचिवालय में मुखिया सावना महली के नेतृत्व में ग्रामीणों ओर बच्चों ने योगाभ्यास किया। लांदुपडीह प्लस टू हाई स्कूल में विंदेश्वरी महतो के नेतृत्व में योगभ्यास किया गया। दूसरी ओर पतंजलि योगपीठ की ओर से जामुदाग, बलुवाडीह और दुलमी में योगाभ्यास कराया गया।

## तमाड़ हाई स्कूल और प्रखंड परिसर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ हाई स्कूल मैदान और प्रखंड परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। तमाड़ हाई स्कूल मैदान में प्रखंड योग समिति संरक्षक लक्ष्मण सिंह मुंडा के नेतृत्व और प्रखंड परिसर में बीडीओ गिरिजा शंकर महतो के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर उपस्थित योगाचार्य प्रहलाद महतो, शंकर सोनार की ओर से विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास विद्यार्थियों के साथ ही गणमान्य लोगों को कराया गया। य्इस दौरान पद्मासन, वज्रासन, वृक्षासन, मंडुकासन, सर्पासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित कई सुक्ष्मासन कराये गये। वहीं आसन के साथ ही इसके फायदे के बारे में भी योगाचार्य प्रहलाद जी ने बताया। कहा कि योग को राष्ट्रीय स्तर पर बाबा रामदेव महाराज ने पहचान दिलाई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग रुपी मंत्र के माध्यम से दुनिया में वसुधैव कुटुंबकम के भाव को सार्थक बनाया। योग के माध्यम से भारत दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। अमेरिका के न्यूयार्क में नरेंद्र मोदी ने योग के गुण सिखाएं, जो हर भारतीयों के लिए गर्व का पल रहा। उपरोक्त बातें योग संरक्षक सह सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कही। वहीं बीडीओ ने योग को आत्मा और परमात्मा का मिलन बताया। कहा कि योग शारीरिक और मानसिक को स्वस्थ रखने का अकाट्य मंत्र है। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रहलाद महतो, शंकर सोनार के अलावे सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, जिप सदस्य दिलीप सेठ, बीडीओ गिरिजा शंकर महतो, रामकृष्ण महतो, जयशंकर साहू, अवनीकांत सेठ, महावीर सोनी, अजित महतो, सुरेंद्र साहू, सुनील पंडा, ओमप्रकाश गोराई, पवन कोईरी, पंचमी देवी, श्याम किशोर अहीर, नरोत्तम पाठक सहित कई स्कूलों के भैया-बहन शामिल थे।

## ईचागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में मनाया गया योग दिवस

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, वेलनेस सेंटर आदि जगहों में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मिलन चौक स्थित एलडीएम पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पिलिड स्टेडियम में योगाभ्यास किया। योग शिक्षक अमृत महतो और अजित महतो ने बताया कि ईचागढ़ के सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वेलनेस सेंटर, स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को योग के महत्व और योग के फायदे को दैनिक जीवन में शामिल करने का संदेश दिया।

## बुंडू में जगह-जगह योग शिविर का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र में बुधवार को कई जगह योग शिविर आयोजित किया गया। भाजपा की ओर से सूर्य मंदिर परिसर में योग शिविर लगाया गया, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उधर, अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में अनुसूचित आवासीय विद्यालय के मैदान में बुंडू नगर पंचायत की ओर से शिविर लगाया गया। इस अवसर पर प्रखंड स्तर के कर्मचारी आंगनबाड़ी सेविका नगर पंचायत के सफाई कर्मी आदि उपस्थित थे। भाजपा के आलोक दास, गणेश कुम्हार, राजकुमार महतो, सुबोध मुखर्जी, धीरेन महतो, कैलाश हलवाई, आजसू के श्याम महतो आदि थे।

## योग केंद्र एवं सामुदायिक पुस्तकालय का उद्घाटन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** आजादी का अमृत महोत्सव एवं अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बूधवार को सीसीएल एनके एरिया के डकरा में स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में सीएसआर के तहत सामुदायिक योग केंद्र एवं सामुदायिक पुस्तकालय का शुभारंभ हुआ।

# स्वच्छ वातावरण के बिना जीवन असंभव : श्याम महतो

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस व आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं ने किया पौधरोपण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और आजसू सुप्रीमो विधायक सुदेश महतो के जन्म दिवस पर बुधवार को पार्टी के तमाड़ विधानसभा के सभी प्रखंडों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। शुद्ध हवा, जल, समय पर वर्षा का संबंध सीधा पर्यावरण से ही है। पर्यावरण हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। बिना स्वच्छ वातावरण के जीवन असंभव है। इस दौरान तमाड़ पूर्वी के तड़ाई उच्च विद्यालय प्रांगण में प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह तमाड़ प्रभारी सुकरा सिंह मुण्डा के नेतृत्व वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर तमाड़ पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, हरदेव महतो, पूर्वी प्रखंड महिला अध्यक्षा सुनीता देवी, सचिव अलका देवी, विधानसभा खेल प्रभारी धनु कुमार नाग, पंचायत प्रभारी राम चंद्र महतो, ईश्वर दयाल महतो, पंचायत प्रभारी साधु पातर मुंडा, अनिल महतो, सुरेन महतो, वासुदेव महतो, शंकर महतो, राम दयाल महतो, संजू बाबा, गुरुचरण सिंह मुंडा, देव कुमार आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, तमाड़ प्रखंड में आवासीय बालिका विद्यालय प्रांगण में आजसू के पूर्व प्रत्याशी सह जिला परिषद सदस्य बिजय सिंह मानकी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, वरीय नेता उमेश नायक, धनेश्वर महतो, पंचायत प्रभारी अशोक सेठ, अशोक गिरी, गुलाम चंद्र महतो, चंद्र प्रकाश महतो, वरीय नेता शक्ति पद महतो, अजय मुण्डा, धनंजय सिंह मुण्डा, डोमन शाय महतो आदि मौजूद थे। वहीं, अड़की में प्रखंड प्रमुख कृष्ण सिंह मुण्डा, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष दुति कृष्ण सिंह मुण्डा, सुधा मुण्डू एवं सिद्धार्थ साहू के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। बुंडू प्रखंड में आजसू पके पूर्व प्रत्याशी सह तमाड़ विधानसभा प्रभारी राम दुर्लभ सिंह मुण्डा, केंद्रीय सचिव सह बुंडू प्रखंड प्रभारी संजय कुमार महतो, रांची जिला महिला इकाई की महासचिव सह बुण्डू जिला परिषद सदस्या परमेश्वरी सांडिल एवं आजसू के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर तारा चांद सिंह मुण्डा, प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, संतोष महतो, बुंडू नगर पंचायत अध्यक्ष शुभम कुमार उर्फ गोलू, आशुतोष कुमार, सुखसारण महतो, मो सिराज, सचिन, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने में राज्य सरकार की रुचि नहीं : कोचे मुंडा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से चलाये जा रहे महा जन संपर्क अभियान के तहत बुधवार को खूंटीटोली में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। अपने संबोधन में तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के नौ वर्षों की बेमिसाल उपलब्धि पर भाजपा महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। इसी को लेकर निमित्त लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया है। कहा कि मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन और उन्नति का काल रहा है। सरकार ने सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। सरकार ने सभी के विकास के लिए बेमिसाल काम किया है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में झारखंड सरकार की कोई रूची नहीं है। इस कारण योजनाओं का सही लाभ लोगों को नहीं, मिल रहा है। कार्यक्रम के प्रभारी और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने कहा कि आज भारत का मस्तिष्क गर्व से ऊंचा हो गया, क्योंकि भारत को मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिला है।० उन्होंने कहा कि आज विदेशी प्रधानमंत्री भी मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लेते हैं, यह देश की 140 करोड़ जनता का मस्तक ऊंचा कर देने वाला है। भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, महामंत्री विनोद नाग, नगर मंडल के अध्यक्ष सुरेश जयसवाल सहित कई अन्य लोगो ने भी बैठक को संबोधित किया।



## कोरकोटोली में भाजपा का तोरपा विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन

# केंद्र की योजनाओं को लागू करने में अड़चन डाल रही झारखंड सरकार : नीलकंठ मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोरपा।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार न सिर्फ केंद्र की योजनाओं को धरातल पर लाने में अड़चन डाल रही है, बल्कि रघुवर दास सरकार ने जिन योजनाओं को किसानों और महिलाओं के लिए लागू किया था, उन्हें भी बंद कर दिया है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कही। वे बुधवार को तोरपा प्रखंड के कोरकोटोली में आयोजित भाजपा के विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई गांव नहीं है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास योजनाओं को नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने योजना का चयन करने और उन्हें क्रियान्वित करने का अधिकार पंचायतों को दिया। अब विकास की राशि सीधे लाभुक के खाते में जाती है। विधायक ने कहा कि आज पूरे झारखंड में सबसे अधिक आवश्यता पानी की है। उन्होंने कहा कि जिले में 42 हजार प्रधानमंत्री आवास का आवांटन किया, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आवास प्लस योजना के 4445 लाभुकों के नाम हटा दिये गये। कहीं-कहीं पूरे गांव के लोगों के नाम ही काट दिये गये। विधायक ने कहा कि महिलाओं को रानी मिस्त्री के रूप में प्रोत्साहन दिया, जिसकी तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की थी। उन्होंने कहा कि जो प्रधानमंत्री हमारे लिए इतना चिंता करते है, हमारा भी कर्तव्य है कि हम उन्हें आशार्वाद दें। 2024 लोगसभा चुनाव में हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तोरपा विधानसभा में कोचे मुंडा के हाथ को मजबूत करें और भाजपा को वोद दें।

### झारखंड सरकार आदिवासी विरोधी है : कोचे मुंडा

तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार आदिवासी विरोधी है। मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी कहते हैं, लेकिन उनके सलाहकारों को देखें, तो वहां एक भी आदिवासी नहीं है। विधायक ने कहा कि मात्र नौ साल के कार्यकाल में ही प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश ने काफी प्रगति की है। लोंगों को कोरोना संकट से लेकर अब तक निःशुल्क चावल मुहैया करा रही है। किसानों के लिए किसान सम्मान निधि और महिलाओं के लिए भी कई योजनाएं मोदी सरकार चला रही है। पर भ्रष्टाचार में डूबी झारखंड सरकार इन योजनाओं को लागू करने में बाधा उत्पन्न कर रही है। इसके पूर्व कार्यक्रम के प्रभारी संतोष जयसवाल ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य आम लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देना और उनकी समस्याओं को जानना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने मोदी सरकर द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर संगीता ठाकुर, संगीता देवी, सुनीता देवी, सबोध कुमार, जगदीश मांझी, महावीर साहू आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बुंडू में वाहन के धक्के से साइकिल सवार की मौत

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के एनएच-33 स्थित तुंजू मोड़ के पास अज्ञात वाहन के धक्के से साइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान नहीं हो सकती है। जानकारी के अनुसार मृतक साइकिल से सड़क पार करने की कोशिश कर रहा था तभी तेज रफ्तार सफेद रंग की कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

### भाजपा नेता के पिता के निधन पर शोक

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के जाने-माने व्यवसाई एवं भाजपा के मंडल मंत्री नवीन जायसवाल उर्फ गुड्डू जायसवाल के पिता भोंदू भगत (60) का बुधवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। वे अपने पीछे दो बेटे-बेटियां और नाती पोती समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### संपूर्ण विश्व योग की महत्ता को देखते हुए इसे अपना रहा है : सिस्टर नेली



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी उसूर्लाइन कॉन्वेंट स्कूल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9-10 के विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शिक्षक प्रभाकर शर्मा के मार्गदर्शन में योग किया। मंच संचालन अनिमा कांसीर एवं विशाल शर्मा ने किया। यह योग दिवस वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर मनाया गया। वहीं उपस्थित सभी शिक्षकों एवं बच्चों ने विभिन्न योगासन किए। जिनमें सुखासन, वक्रासन, भुजंगआसन, सर्वांगासन, धनुरासन, त्रिकोणासन, अर्धचक्रासन, वृक्षासन, उत्कटासन, अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार आदि शामिल है। अंत में विद्यालय की उप प्राचार्या सिस्टर नेली ने सभी को धन्यवाद देते हुए योग के महत्व के बारे में बताया। कहा कि पूरे विश्व में योग भारत की देन है। आज संपूर्ण विश्व योग की महत्ता को देखते हुए इसे अपना रहा है। योग से ना सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। साथ ही अध्यात्म में रुचि बढ़ती है।

### खलारी प्रखंड मुख्यालय, थाना और एनके एरिया में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग अभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक श्रीराम सिंह ने कहा कि आज अधिकतर लोग अपने-अपने तरीके से योग व व्यायाम करते हैं पर स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लाभ तभी मिलेगा जब नियम के अनुसार योग का अभ्यास किया जाएगा। प्रखंड परिसर में सीओ शिशुपाल आर्य सहित प्रखंड व अंचल कर्मी व अन्य ने योग अभ्यास किया। इस अवसर पर पंसस धीरज बाहदूर, महंतवीर महतो, अजित कुमार सिन्हा, असित कुमार, विष्वरंजन कुमार, लालमोहन राम, रूपदेव गोप, अमित यादव आदि मौजूद थे। इधर, खलारी थाना परिसर में भी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम की अगुवाई में पुलिस अधिकारियों व जवानों ने योग अभ्यास किया। दूसरी ओर, एनके एरिया डकरा स्थित वीआईपी क्लब में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में जीएम संजय कुमार ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस वसुधैव कुटुंबकम की थीम पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग करके शरीर को फिट रखा जा सकता है। जिस तरह से पूरे विश्व में तरह-तरह की गंभीर बिमारियों से लोग ग्रसित हो रहे है योग करके कई गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। इस मौके पर जेसीएससी सदस्य कमलेश सिंह, सुनील कुमार सिंह, डीपी सिंह थे।

### डीएवी स्कूल में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

खलारी (आजाद सिपाही)। डीएवी स्कूल खलारी में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार, संस्कृत शिक्षक उपेंद्र कुमार आर्य एवं रसायन विज्ञान शिक्षक डी एन महतो ने सभी शिक्षक साथियों और विद्यार्थियों को विभिन्न शारीरिक योगासनों, क्रियाओं की जानकारी दी एवं योग करवाया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा एरोबिक्स एवं लययोग किया गया। प्राचार्य ने कहा कि योग हमारे शरीर और आत्मा को जोड़ता है। योग से न केवल हमारा शरीर बल्कि हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। योग हमारे लिए बहुमूल्य विरासत है।

### बेहतर स्वास्थ्य और बेहतर शरीर के लिए योग जरूरी : निरजंन सेनापति



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचंल व आस पास के ग्रामीण इलाको में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी स्कूल, कार्यालय,सहित समाजिक व राजनैतिक संगठनो द्वारा योगा अभ्यास कराया गया। सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन की ओर से बचरा ऑफीसर्स क्लब में योग शिविर लगाया गया, जिसमें काफी संख्या में स्थानीय सीसीएल अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ श्रमिक प्रतिनिधि सह योग प्रशिक्षक मुंद्रिका प्रसाद और डीएन महतो ने सभी को योग का अभ्यास कराया। एजीएम निरंजन सेनापति ने कहा कि 21 जून को प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग मनुष्य को दिर्घायु बनाता है। शरीर को निरोग रखने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। योग से निरोग का संदेश आज पूरी दुनिया जानती है। इस मौके पर कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, ज्योति कुशवाहा, भीम प्रसाद मेहता, विरेंद्र महतो आदि मौजूद थे। वहीं, सीआइएसएफ एनके एवं पिपरवार यूनिट की ओर से कमांडेंट संदीप कुमार एस. के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मौके पर डिप्टी कमांडेंड मृत्युजंय स्वामी, उपेंद्र सिंह, असिस्टेंट कमांडेंड संजय कुमार मीणा, निरीक्षक विकास कुमार,डीके चौधरी, सदीप शुक्ला,पवन नेगी सहित कई अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## योग दिवस : अनगड़ा प्रखंड में विश्व योग दिवस मनाकर मानवता को दिया गया संदेश

# जसपुरिया बीएड कॉलेज सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में मना योग दिवस


जसपुरिया बीएड कॉलेज में योगाभ्यास करते बच्चे


पंचायत भवन साल्हन के प्रांगण में योग करते लोग


कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र में योगाभ्यास करते लोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** जसपुरिया बीएड कॉलेज बीसा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ संस्था के चेयरमेन जैलेन्द्र कुमार एवं निदेशक शालिनी प्रिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं योग प्रशिक्षक संजय महतो ने बीएड कॉलेज के प्रशिक्षुओं, जसपुरिया पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रशिक्षुओं सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को योग के विभिन्न आसनों और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए योगाभ्यास कराया। मौके पर जैलेन्द्र कुमार ने योग का जीवन में महत्व एवं इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि योग भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के सबसे बड़े प्रतीकों में से एक है। यह एक प्राचीन अभ्यास है जिसकी सृष्टि भारत में हुई। कहा कि यह एक महज संयोग है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर यूएनओ द्वारा 21 जून को विश्व योग दिवस घोषित किया गया। मौके पर संजीव कुमार, सरिता शर्मा, माधवी लता, सरिता सिंह, उषा मिंज, विभा कुमारी, महफुज अंसारी, प्रियंका कुमारी, बसंती कुमारी, डॉ अनिल वर्मा, प्रीति टोपनो, हेमा कुमारी आदि प्राध्यापकगण मौजूद थे।


एसएस प्लस टू उवि चिलदाग में योगाभ्यास करते विद्यार्थी और शिक्षक


चतरा मोड़ का नामकरण विनोद बिहारी महतो के नाम करने के मौके पर मौजूद लोग

### योग से मन-मस्तिष्क शांत और शरीर स्वस्थ रहता है : अनुराधा मुंडा

विश्व योग दिवस के अवसर पर पंचायत भवन साल्हन के प्रांगण में जिप सदस्य पश्चिमी अनगड़ा अनुराधा मुण्डा के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर अनुराधा मुण्डा ने कहा कि योग से न सिर्फ शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मन-मस्तिष्क भी शांत रहता है। इधर चिलदाग स्कूल मैदान में रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, सुरेश महतो एवं एसएसबी के जवानों द्वारा योगाभ्यास कर लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। साल्हन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, मुखिया सरिता तिर्की, उपमुखिया विमला चौधरी, गीमा देवी, रूपलक्ष्मी देवी, अरविंद मुण्डा, प्रवीण मुण्डा, उरू कुमारी, पूजा कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र में मना योग दिवस

कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केन्द्र में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक उज्जवल भाष्कर एवं उनके सहयोगियों द्वारा केन्द्र के कर्मियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर केन्द्र प्रधान डॉ अरूण कुमार सिंह ने कहा कि योग हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। इससे हमारी मानसिक एवं शारीरिक उर्जाएं संतुलित रहती हैं। कार्यक्रम में केन्द्र के सभी कर्मचारी एवं परिवार के सदस्य शामिल हुए।

### एसएस प्लस टू हाई स्कूल चिलदाग में मना योग दिवस

एसएस प्लस टू उवि चिलदाग में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पतंजलि संस्था के जिला प्रभारी दुर्गा महतो एवं योग गुरु संजय महतो ने जीवन में योग के महत्व पर फोकस करते हुए छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को योगाभ्यास कराया। मौके पर दुर्गा महतो नें कहा कि योग शरीर को स्वस्थ, मन को एकाग्र, एवं व्यवहार को शालीन बनाए रखता है। हम सभी नियमित योग कर एक स्वस्थ और सुदंर समाज की रचना में अपना योगदान दे सकते हैं। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती संगीता रवि ने पतंजलि के योग प्रभारी दुर्गा महतो एवं योग गुरु संजय महतो के प्रति आभार व्यक्त किया।

### योग दिवस पर चतरा मोड़ का नामकरण विनोद बिहारी महतो के नाम पर किया गया

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रांची-पुरूलिया मार्ग स्थित चतरा मोड़ का नामकरण झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के जनक एवं पढ़ो और लड़ो का नारा बुलंद करने वाले जननायक बाबू बिनोद बिहारी महतो के नाम पर किया गया। इस अवसर पर कहा गया कि देश और राज्य के वीर सपूतों और आंदोलनकारियों के नाम पर नामकरण होने से गर्व की अनुभूति होती है तथा लोग इससे प्रेरणा ग्रहण करते हैं। मौके पर भाजयुमो अनगड़ा मंडल अध्यक्ष संतोष महतो, ग्रामप्रधान संघ जिलाध्यक्ष उमेश बड़ाईक, झामुमो नेता नवीन नायक, सांसद प्रतिनिधि मनेश महतो, अजय महतो, विगना महतो, सावना महतो, सुकूल महतो, रोहित महतो, राकेश महली, सतीश महतो, कुदन महतो, अमर महतो, मंटु महतो, विजय महतो, विटु नायक, बुधूवा उरांव, कमलेश महतो, सचिन महतो, राकेश महतो सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## आचार्यकुलम परिसर में मनाया गया योग दिवस




**रांची (आजाद सिपाही)।** आचार्यकुलम परिसर में योग दिवस मनाया गया। इसमें विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, सभी सदस्य तथा अभिभावकों ने बढ़-चढ़ भाग लिया। योग मंच का संचालन साध्वी देवेष्टि जी कर रहीं थीं। वह योगाभ्यास के साथ-साथ योग के सभी आसनों का महत्व भी बखूबी बताती जा रहीं थीं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा ने संबोधित करते हुए कहा कि योग, आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा एवं सनातन वैदिक आध्यात्मिक जीवन शैली की मूल संस्कृति है। हमारे स्वास्थ्य जीवन शैली का मूल आधार योग है। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्यदेव जी ने योग के महत्व को बताते हुए कहा कि आप सभी योग करें और और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र में मना योग दिवस



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रखंड कार्यालय, आरटीसी कालेज दड़दाग, शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी के अलावा सभी सरकारी व निजी विद्यालयों, अमृत सरोवर के तट पर योगाभ्यास किया गया। आरटीसी कालेज दड़दाग में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी में राज्य सभा सांसद प्रो. आदित्य प्रसाद साहू, प्रखंड कार्यालय में बीडीओ विजय कुमार सोनी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि योग मनुष्य को एकाग्रचित करने का उत्तम साधन है। राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि योग शारीरिक, बौद्धिक और मानसिक विकास का सबसे अच्छा माध्यम है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी एवं बीडीओ विजय कुमार सोनी ने भी संबोधित किया। योगाभ्यास में प्रखंड शिक्षक संघ के अध्यक्ष सतीश बडाइक, नागरिक विकास परिषद के अध्यक्ष रणधीर चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, मुखिया दीपक बड़ाइक, पंसस ललिता देवी, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार, राजधाम साहू, अलखनाथ महतो, आनंद महतो, अजीत महतो, मुन्नी देवी सहित सभी वद्यालयों के बच्चों ने योगाभ्यास किया।

## फंदे से झूलता मिला युवक का शव, परिजनों ने किया सड़क जाम

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आनन्दी पुरना टोली के दिनेश मुंडा का शव बुधवार सुबह पिता रमेश मुंडा ने दामाद के नवनिर्मित मकान में झूलता देखा। बेटा का झूलता शव देख पिता रमेश मुंडा ने जानकारी परिजन को दी। युवक का झूलता शव को देख परिजनों को कुछ संदेह हुआ। जिसे देखते हुए मुखिया, उप मुखिया व पंसस को जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शव को फंदे से उतारकर हत्या की आशंका में ओरमांझी-गोला पथ पर शव को रखकर हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घंटों सड़क जाम कर दिया। पुलिस द्वारा काफी मशक्कत के बाद हत्यारों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तारी का आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा लिया गया। पुलिस द्वारा शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। मृतक का शव जिस कमरे में झूलता पाया गया उस कमरे से एक पल्सर मोटरसाइकिल, एक मोबाइल, दो हेल्मेट मिला है। परिजनों का कहना है कि मृतक दिनेश मुंडा का मोबाइल गायब है, मोबाइल जो मिला है संभवतः किसी लड़की का है। परिजन ने बताया कि झुलते हुए शव का पैर मुड़ा हुआ था। दोनों हाथ में कीचड़ लगा हुआ था। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल से बरामद मोबाइल फोन के आधार पर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या या आत्महत्या का खुलासा हो पाएगा।

## योग दिवस पर सिकिदिरी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर कराया गया योगाभ्यास



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर बुधवार के दिन हेसातु मुखिया अनिता बरला के नेतृत्व में स्वर्णरेखा फुटबॉल मैदान में सामुहिक योगाभ्यास कराया गया। वहीं नवागढ़ पंचायत के नवागढ़ खक्सी टोली ,बड़कीगोड़ांग ,रंगामाटी बरवाटोली, सोसो एवं ओबर गॉव में नवागढ़ मुखिया भुनेशवर बेदिया,एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचर हब के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में सामुहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुखिया राजेश पाहन, उपमुखिया चरण बेदिया,प्रदीप मंडल ,संतोष बेदिया, रोहित शाही, तुलसी महतो, सोमरा बेदिया,सोनी कुमारी, बैजनाथ बेदिया , ओमप्रकाश गुप्ता,प्रेम विश्वकर्मा सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी एमानुएल जयविरस लाकड़ा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बकरीद पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें गणमान्य लोग उपस्थित हुए। पुलिस इंस्पेक्टर बेड़ो अरुण कुमार ने बकरीद पर्व पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने की बात कही। जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने बकरीद पर्व सभी धर्म के लोगों को मिलकर बनाने की बात कही।मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर बेड़ो अरुण कुमार, थाना प्रभारी सुकुमार हेमरोम, प्रमुख कंचन उरांव, सुदामा महली, जयन्त बरला, देवेंद्र वर्मा, मुखिया सविता उरांव, सरोज मुंडा, विश्वनाथ मुंडा, असमुदिन मियां, नसीम आलम, कंचन साहू, सुमित कुमार के अलावे अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टेंपो और ट्रक की टक्कर में दस घायल, एक की स्थिति गंभीर

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत खेलारी मुख्य पथ चोरया मोड़ शाही ढाबा के समीप टेम्पो और ट्रक की टक्कर में दस लोग घायल हो गए। घायलों में गीता देवी 30 वर्ष, शिव रानी देवी 36 वर्ष, सावित्री देवी 45 वर्ष, बरती देवी 45 वर्ष, आरती देवी 25 वर्ष, सरस्वती देवी 28 वर्ष, छोटन महतो 45 वर्ष, शंकर महतो 48 वर्ष, ललिता देवी 55 वर्ष, रामजीत महतो 50 वर्ष। सभी करकट निवासी हैं। घायलों को ग्रामीणों द्वारा मांडर रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया और गीता देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। ये सभी खेलारी से कीर्तन कर के अपने घर करकट वापस सवारी टेम्पो से लौट रहे थे। इस दौरान सुबह लगभग 3:00 बजे चोरया मोड़ शाही ढाबा के निकट एक खड़े ट्रक को जाकर टक्कर मार दिया, जिससे यह दुर्घटना घटी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उन्नत जैविक किसान ने लगाया करंज का पौधा



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न जगह योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। वहीं इस दिन को यादगार के रूप में सहेजने के लिए उन्नत जैविक किसान संतोष बेदिया ने जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु अपने खेत में करंज का पौधा लगाया। मौके पर रामदेव पाण्डेय, जगदीश भोगता, नरेन्द्रनाथ बेदिया आदि ने पौधरोपण किया।

## योग दिवस : बेड़ो में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# योग भारतीय संस्कृति की धरोहर : वाणी कुमार राय

**शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक दिन योग करना आवश्यक है : मुकेश कुमार राय**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित विवाह मंडप परिसर में पंतजलि योगपीठ एवं भारत स्वाभिमान के द्वारा योगभ्यास शिविर का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख विनीता कच्छप, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत बीडीओ डा प्रवीण कुमार सीओ सुमंत तिर्की हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय पुजारी अशोक पंडा, मुकेश कुमार राय, उर्मिला देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी व ललिता मंगल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कर किया।

शिविर में कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार, शीर्षासन, भ्रामरी गुरुराशन, वृक्षासन, व्रजासन आदि योग कराएं। साथ ही योग के फायदे भी बताए बतलाये। मौके पर वाणी कुमार राय ने कहा कि आज पूरा विश्व योग कर रहा है। योग हमारी भारतीय संस्कृति की धरोहर है। जिसे पूरे विश्व ने लोहा माना है। योग ऐसी विद्या है जिसे करके असाध्य से असाध्य रोगों से मुक्ति पा सकते हैं। योग हमारे शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है इसलिए हमें योग को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

भारत स्वाभिमान बेड़ो शाखा के मुकेश कुमार राय ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक दिन योग करना आवश्यक है। उन्होंने लोगों को बेहतर जीवन जीने के लिए नियमित योग करने की सलाह दी। इधर डुकु तालाब के पिंड में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओ ने भी योग किया।

### डीएवी स्कूल के शिक्षकों और बच्चों ने किया योगाभ्यास

डीएवी पब्लिक स्कूल के परिसर में बुधवार को योग शिक्षक शुभम कुमार के नेतृत्व में योगाभ्यास का आयोजन किया गया। योग शिक्षक ने बच्चों को बताया कि आज के समय में योग करके ही अपने शरीर को विभिन्न रोगों से बचा सकते हैं। स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने बच्चों से कहा कि हमें कुछ समय निकालकर निश्चित रूप से हर दिन योग करना चाहिए। जिससे हम स्वस्थ रहें। स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। कार्यक्रम में कक्षा नौवीं, दसवीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### नामकुम प्रखंड में उत्साह के साथ मनाया गया अंतराष्ट्रीय योग दिवस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में स्थित विभिन्न संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। नामकुम प्रखंड कार्यालय में आयोजित शिविर में मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ ज्ञान शंकर जयसवाल ने योग से विभिन्न प्रकार की बीमारी ठीक होने की जानकारी दी। कहा कि स्वस्थ रहने के लिये योग रोजाना करें। मौके पर महिला प्रसार पदाधिकारी रेनू कुमारी, सीएचओ आयुष, प्रज्ञा भारती, आरती सिंह, आरती कुमारी, सुजीत सिन्हा थे। बरगावां पंचायत के आरडीएस पब्लिक स्कूल नामकुम में भाजपा नेता सह समाजसेवी मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया। बरगावां पंचायत भवन में मुखिया अनीता तिर्की के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर सुषमा हेमरोम, सुबोध सिंह टनटन आदि उपस्थित थे। इधर नामकुम स्थित नारायणी पुरम अपार्टमेंट में राष्ट्रीय महिला परिषद झारखंड प्रांत की अध्यक्ष तन्द्रा मुखर्जी के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर स्वास्तिक महिला क्लब की अध्यक्ष नीता शर्मा, रीना, तानिया, दीपा, प्रेमलता के साथ अन्य महिलाएं उपस्थित थीं। कुटियातु पंचायत भवन में कुटियातु मुखिया निशा उरांव के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। चंदाघासी पंचायत में प्रयास सोसाइटी संस्था के द्वारा योग शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर संस्था के सचिव दिनेश कुमार सिंह, अध्यक्ष राजेश महतो, विजय राम, अरविंद महतो आदि सदस्य शामिल थे। इधर, एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र टाटीसिलवे में एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव मधुसूदन पांडेय के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलराम महतो ने किया।

### वाइबीएन विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आयुष झारखंड के तत्वावधान में वाइबीएन विश्वविद्यालय के करीब 100 कर्मियों और 400 छात्रों ने मेकॉन स्टेडियम में 9वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मौके पर विश्वविद्यालय के प्रो. चांसलर रामजी यादव ने कहा कि योग से आप कई रोगों से बचे रह सकते हैं। योगाभ्यास से मन-मस्तिष्क को शांति मिलती है। आयोजन में विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव, रजिस्ट्रार डॉ रमन दुबे, डिप्टी रजिस्ट्रार संजय तिवारी, परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रजीत कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ अर्पणा शर्मा, एनएसएस कोऑर्डिनेटर इ० कौशल किशोर, एनएसएस प्रोग्राम मैनेजर डॉ अंजनी कुमार सिंह एवं सभी संकाय के डीन और एचओडी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### कैंब्रिज इंस्टीट्यूट के सभी संस्थानों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन्स के सभी संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रांची वि. वि. की योग शिक्षिका डॉ परिणीता सिंह ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया। वहीं, नियमित योग करने से होने वाले शारिरिक व मानसिक लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रणामयं, शिर्षाशन,अनुलोम, विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार आदि का योगाभ्यास कराया। वहीं कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पोलीटेक्निक, कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एडुकेशन में भी सामूहिक योगाभ्याश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी संस्थानों के प्राचार्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### विधायक व जिप सदस्य ने डाड़ी पंचायत में किया सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व जिप सदस्य हिंदिया टोप्पो ने डाड़ी पंचायत के डाड़ी तेतर टोली में सरना स्थल घेराबंदी का शिलान्यास किया। विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार की सरकारी योजनाओं के बारे मे विस्तार से बतलाया। मौके पर बीडीओ एमानुएल जय विरस लकड़ा, कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंदर वर्मा, संतोष तिर्की, दुर्गा पाईक, फिरू साहू, पंचायत अध्यक्ष दुबराज साहू, हरि साहू एवं अन्य महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

### पिस्का नगड़ी क्षेत्र में योग दिवस पर किया योगाभ्यास



**पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)।** आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर एवं लोहिया पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के नवम से लेकर एकादश कक्षा के भैया बहनों के साथ-साथ आसपास के गांव वाले भी योग कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं स्वर्णरेखा नदी के उदगम स्थल रानी चुआं परिसर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बैनर तले दर्जनों स्वयं सेवकों के द्वारा शिविर लगाकर योगाभ्यास किया गया। इधर नगड़ी प्रखंड के सेबों स्थित ग्रुप केन्द्र केरिपुबल रांची में 9वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें केरिपुबल के प्रशिक्षित योग गुरु के द्वारा सभी को योगाभ्यास कराया गया तथा उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। उक्त दिवस का आयोजन मुख्य अतिथि डी. एन.लाल उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र रांची के नेतृत्व में किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के अलावे पी. कुजूर, उप महानिरीक्षक, रेंज रांची, लारेंस बाण्डो, उप महानिरीक्षक, कम्पोजिट अस्पताल रांची, पंकज कुमार सिंह, उप कमाण्डेंट ग्रुप केन्द्र रांची, चितेश कुमार, उप कमाण्डेंट (शौर्य चक), ग्रुप केन्द्र रांची तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी तथा जवान शामिल हुए।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 500 लोगों ने किया कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास

# जीवन में योग को शामिल करें : कमांडेंट

### ‘हां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया है’ की थीम पर बना सेल्फी प्वाइंट रहा आकर्षण का केंद्र

**134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर में डालटनगंज केंद्रीय संचार ब्यूरो ने लगाई चित्र प्रदर्शनी, योग की यात्रा रही मुख्य आकर्षण**

**- डीआइजी, कमांडेंट एवं एसपी ने संयुक्त रूप से किया प्रदर्शनी का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग करते अधिकारी-पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर/पलामू।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय संचार ब्यूरो व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज की ओर से सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के परिसर में मंगलवार को करीब 400 लोगों ने योग प्रशिक्षकों नेतृत्व में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। पतंजलि योगे पीठ की ममता सिन्हा एवं आर्ट ऑफ लिविंग की रागिनी जी व उनकी टीम ने योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इससे पूर्व सोमवार की शाम दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआइजी पंकज कुमार, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट सुदेश कुमार, पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा, 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वितीय कमान अधिकारी दीपेंद्र कुमार, डिप्टी कमांडेंट कुमार अंशु माली, डिप्टी कमांडेंट राजेश महतो के अलावा डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव पुष्कर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर 134वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडेंट सुरेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक वर्ष योग दिवस हर्षोल्लास मनाते रहे हैं। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुति को सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया। कहा कि जीवन में योग को शामिल करें। उन्होंने सभी से योग करने की अपील की। वहीं, क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि योग कर पूरी दुनिया को संदेश देने का कार्य करें। डिप्टी कमांडेंट कुमार अंशु माली ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि योग हमें निरोग बनाता है। इसलिए योग करें और स्वास्थ रहें। कार्यक्रम का संचालन जवान निस्कर पांडेय ने किया। इस मौके पर जीएलए कॉलेज के प्राचार्य डॉ आई जे खलखो, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, जीएलए कॉलेज के विद्यार्थी 134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारी, जवान उपस्थित थे। इस दौरान चित्र प्रदर्शनी स्थल पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज की ओर से सेल्फी बूथ बनाई गई थी। जिसकी थीम हां मैंने योग को अपने जीवन में शामिल कर लिया है रखा गया था। प्रदर्शनी देखने आए लोगों ने इस अभिवन प्रयास की तारीफ करते हुए सेल्फी खिंचाई।

### योग दिवस एवं सेवा-सुशासन की थीम पर लगायी प्रदर्शनी

चित्र प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण योग दिवस की थीम पर लगाई गई प्रदर्शनी रही। जिसमें योग की शुरूआत से लेकर योग के अबतक की यात्रा के संबंध में विस्तृत विवरण प्रदर्शित किया गया है। योगाभ्यास से संबंधित प्रक्रियाओं का प्रदर्शन एवं योग को संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिलने से लेकर अबतक हुए 8 योग दिवस के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई है। वहीं सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 साल विषय वस्तु प्रदर्शनी लगाई गई है। अतिथियों ने प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की। साथ ही योग की थीम पर अतीत व वर्तमान की दी गई जानकारियों की सराहना की।

### स्टॉल पर हथियारों की लगायी प्रदर्शन

134 वीं वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों द्वारा हथियारों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें 84 एमएम कार्ल गुस्ताव रॉकेट लांचर, 40-46 यूवीजीएल, 7.62 एमएमजी, एलएमजी 5.56 एमएम इंसास, कार्बाइन मशीन 9 एमएम, जीवीपीसी 9 एमएम कारवाइन, एमजीएल, मोर्टार 51 एमएम सहित राइफल के विभिन्न प्रकार का प्रदर्शन किया गया है।

### बांस से निर्मित सजावटी वस्तुओं का संग्रह

दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के अवसर पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से जेएसएलपीएस के स्टॉल लगाये गए। यहां सखी मंडल की महिलाओं द्वारा निर्मित व पलाश ब्रांड के खाद्य सामग्री एवं अन्य उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। अलावा ब्रांड के बांस से निर्मित सजावटी वस्तुओं का संग्रह लोगों का ध्यान खींचा।

### जागरूकता रथ रवाना किया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के पूर्व केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जागरूकता रथ को रवाना किया गया। सभी अतिथियों ने हरि झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। इसके माध्यम से आमजनों को योग के महत्व के संबंध में जागरूक किया जा रहा है।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सोमवार को जीएलए कॉलेज में आयोजित रंगोली, क्विज, भाषण एवं पेंटिंग्स आदि विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया। उन्हें पुरस्कार के साथ प्रतिभागिता प्रमाण पत्र भी दिए गए।

# निरोग रहने का सरल उपाय है योग: सांसद

## योग की शक्ति से जीवन को भी बढ़ा सकते हैं : अरुणा शंकर



### शुद्ध पानी देना निगम का कर्तव्य : प्रथम महापौर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा 15वें वित्त से क्रय की गई पांच आरओ शीतल वाटर मशीन का शुभारंभ पलामू सांसद वीडी राम और प्रथम महापौर अरुणा शंकर द्वारा समाज को समर्पित कर किया गया। मशीन का शुभारंभ करते हुए सांसद ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी अरुणा शंकर द्वारा सक्रियता बनाए रखने और कई कार्य अपने निजी खर्च से करने को शुभ संकेत बताया। इस पर प्रथम महापौर ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में पांच आरो शीतल मशीन 15वें वित्त की राशि से क्रय की थी। इसमें एक गांधी उद्यान, दूसरा ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण, कोयल रिवर फ्रंट,चैनपुर मंदिर एवं शाहपुर विवेकानंद चौक पर लगा दिया है। जहां अब राहगीर ठंडे आरओ का पानी पी सकेंगे। उन्हें महंगे पानी के बोतल खरीदने की आवश्यकता नहीं होगी। अरुणा शंकर ने कहा कि मैंने नगर आयुक्त से कहा है कि और भी मुख्य मुख्य सार्वजनिक स्थान पर इस तरह के आरो वाटर प्लांट लगाई जाए, ताकि बाहर से आने वाले ग्रामीणों को स्वच्छ पानी मिल सके।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस पर बुधवार को गांधी उद्यान में पलामू सांसद वीडी राम, नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं कार्यक्रम के प्रभारी गणेश मिश्रा के नेतृत्व में भव्य योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत शहर के जाने-माने गायक राम और श्याम द्वारा गाए भजन के बीच महात्मा गांधी के मूर्ति पर सांसद, अरुणा शंकर, कार्यक्रम प्रभारी गणेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं उक्त वार्ड के पार्षद प्रदीप अकेला द्वारा माल्यार्पण कर की गई। कार्यक्रम में 500 से अधिक महिला-पुरुष व कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर शहर के जाने-माने योग प्रशिक्षक राजीव एवं अतुल जी ने लोगों को योग की महत्ता को बताया। वहीं, सांसद वीडी राम ने कहा कि आज भारत के योग विद्या सिर्फ राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मान्यता मिली है। जिसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बधाई के पात्र हैं। हम सभी को निरोग रहने के लिए एकमात्र सरल उपाय अपने दिन की शुरूआत योग से करना होगा। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा यह ऋषि मुनि द्वारा बनाई गई विद्या है जिसकी बदौलत 100 /150 वर्षों से ऊपर वे जीवित रहते थे और इच्छा के अनुरूप प्राण त्यागते थे। हम सभी को अपने ऋषियों द्वारा दी गई इस विद्या को निरोग रहने के लिए अपनाना होगा। अपने भोजन में मोटा अनाज को सम्मिलित करना होगा तभी हम स्वस्थ रहेंगे। जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो देश भी स्वस्थ रहेगा। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में पलामू चेंबर के अध्यक्ष आनंद शंकर एवं सदस्यों की सराहनीय भूमिका थी। कार्यक्रम का संचालन चेंबर के वरिष्ठ एक्सक्यूटिव सदस्य विजय ओझा ने की। कार्यक्रम की समाप्ति पर श्याम मित्र मंडली के सदस्य संजय भगत एवं साथियों की भजन प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

## योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं हर आंगन योग की थीम पर पलामू में मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को शिवाजी मैदान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर एसडीओ राजेश साह, माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव आदि ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास कार्यक्रम की शुरूआत की। साथ ही सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक पतंजलि योगपीठ के राजीव शरण ने सभी को इस वर्ष की थीम योगा फॉर वसुधैव कुटुंबकम एवं घरेलू थीम हर आंगन योग पर सामान्य योग अभ्यासक्रम (प्रोटोकॉल) के साथ सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने सामान्य योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। मंगला चरण वंदन के साथ शिथिलीकरण अभ्यास, ग्रीवा चालन, स्कंध संचालन, कटि चालान, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन सहित योग के विभिन्न क्रियाओं को कराया। इसके अलावा प्राणायाम के विभिन्न क्रियाओं को कराते हुए प्रणायाम के दौरान शारीरिक स्थिति, प्राणायाम के अभ्यास विधि, लाभ एवं सावधानियों के बारे विस्तृत जानकारी दी। योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान ही योग प्रशिक्षक अपने मन को हमेशा संतुलित रखने एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प कराया। इस मौके पर जिला परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी एवं सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक कपिलदेव ठाकुर, जिला कल्याण पदाधिकारी सेवा राम साहू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, सुखराम बाबू आदि ने योगाभ्यास किया। साथ ही योग के महत्व को जाना और योग को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया। इधर, जिले के विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालय व प्रखंड मुख्यालयों में संबंधित पदाधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया।

# योग से शरीर और वन-वन्य प्राणियों से ब्रह्मांड की 84 लाख योनियों की होती सुरक्षा: कौशल किशोर

**विश्व योग दिवस पर पर्यावरणविद् कौशल ने वन्य प्राणियों को कराया फलाहार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपने निवास बाइपास रोड स्थित पर्यावरण भवन में योगा करने के बाद लातेहार के वन क्षेत्र में वन प्राणियों को फलाहार भोजन कराया। साथ ही देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि योगा से शरीर स्वस्थ रहता है। कभी दवा की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्य प्राणी पर्यावरण के प्रमुख अंग है। इसे बचाने की जिम्मेवारी केवल वन विभाग की नहीं, बल्कि हम सभी की है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुख सुविधा का इस्तेमाल कम से कम करना होगा। प्रत्येक व्यक्ति को अपने धर्म के साथ पर्यावरण धर्म के 8 मूल ज्ञान मंत्रों को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि वे पिछले 50 वर्षों से लोगों को जगाते आ रहे हैं कि वनों की सुरक्षा और वृक्ष खेती पर विशेष ध्यान दें। वरना तीसरा विश्वयुद्ध जल संकट और ऑक्सीजन संकट से जूझने के लिए तैयार रहना होगा। बावजूद इसके लोग मेरी बातों की अनदेखी किए। आज गर्मी से लोग मर रहे हैं और पानी के बिना जानवर मर रहे हैं। अभी से लोग सावधान नहीं हुए तो हिमालय में रहने के लिए जगह खोजना होगा। जिस तरह वनों की कटाई हुई है उस अनुपात में कम से कम 5000 करोड़ पौधा लगाने की आवश्यकता है। क्योंकि 10 वर्षों में 50 से 55 डिग्री सेल्सियस तापमान होने वाले हैं। इसी वर्ष जुलाई महीने से सभी व्यक्ति को पर्यावरण धर्म के तहत पौधारोपण करें और उसकी बच्चों की तरह देखभाल करें। तभी हम और आने वाले पीढ़ी को भीषण गर्मी और भीषण जल संकट से मुक्ति मिलेगी। इस अवसर पर बीपीएसए संस्था के प्रधान सचिव सह छतरपुर के डाली बाजार पंचायत की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, धर्मेंद्र सिन्हा, हेमा सिन्हा, आराध्या, आशिका, आद्रिका, अनुषा, रामू, छोटू, मालदेव चंद्रवंशी, संतोष प्रजापति आदि मौजूद थे।

## आम का बगीचा लगाने को लेकर सखी मंडल सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को मनरेगा योजना से संचालित आम बागवानी लगाने को लेकर जेएसएलपीएस बागवानी सखी मंडल के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक के रूप मे मनरेगा बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा व सहायक अभियंता अमित कुमार मेहता व कनीय अभियंता ने प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान मौजूद बागवानी सखी को पौधा लगाने के लिये गड्ढे की खुदाई, पौधे को पशुओं से सुरक्षित रखने के लिए सर्वप्रथम बांस के घेरा बनाने के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही खोदे गए गड्ढे में वरमी कंपोज खाद व नीम की खल्ली का उपयोग करने के बारे में बताया गया। मौके पर कनीय अभियंता, रोजगार सेवक समेत कई बागवानी सखी मंडल आदि थे।

## सतबरवा में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मैदान में पतंजलि योग समिति सतबरवा इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद सुधा कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, समाजसेवी कमलेश प्रसाद, विजय पाठक एवं वीरेंद्र साहब ने सामूहिक रुप से किया। योग शिविर में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं पुरुष एवं स्कूली बच्चे शामिल हुए, जिन्हें योग गुरु विजय कुमार राम और राजकुमार प्रसाद द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराया गया। अपने संबोधन में प्रखंड योग प्रभारी विरेंद्र साहू ने कहा कि बाबा रामदेव के माध्यम से पूरे विश्व में योग का प्रचार प्रसार बढ़ा है। मौके पर करमचंद साहू, कमल, रंजीत, रामस्वरूप आदि उपस्थित थे।**

# खुद को स्वस्थ रखने को दिनचर्या में शामिल करें योग: अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संत मरियम स्कूल के आवासीय परिसर में योगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। अपने संबोधन में स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि हम सभी को स्वस्थ रहने के लिए योगा को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा। योग मन, शरीर और आत्मा की एकता को सक्षम बनाता है। योग के विभिन्न रूपों से हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीकों से लाभ मिलता है। प्रतिदिन सुबह योगा करने के बाद पूरे दिन हम सभी ताजगी और बेहतरीन महसूस करते है।

## स्पोर्ट्स



पुर्तगाल के कप्तान और सर्वकालिक महान फुटबॉलरों में से एक क्रिस्टियानों रोनाल्डो ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले फुटबॉलर बन गए हैं।

## गोल कर मनाया जश्न, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई उपलब्धि

# रोनाल्डो ने रचा इतिहास, 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले फुटबॉलर

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पुर्तगाल के कप्तान और सर्वकालिक महान फुटबॉल खिलाड़ियों में एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो यूरो 2024 के क्वालिफाइंग मैच में आइसलैंड के खिलाफ इस मौके को खास भी बनाया। उन्होंने मैच समाप्त होने से ठीक पहले 89वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से जीत दिलाई। 38 वर्षीय रोनाल्डो ने डेब्यू करीब 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200 मैच पूरे कर लिए। उन्हें इस उपलब्धि पर आइसलैंड के खिलाफ मैच से पहले सम्मानित भी किया गया। रोनाल्डो का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल को चौथी जीत दिलाई। टीम चार मैच में चार जीत हासिल कर चुकी है। रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 123 गोल हो गए हैं।

### यह अविश्वसनीय उपलब्धि है : रोनाल्डो

रोनाल्डो ने 200 मैच खेलने के बाद यूईएफए के वेबसाइट के हवाले से कहा कि मैं बहुत खुश हूं। यह उस तरह का क्षण है जिसकी आप कभी उम्मीद नहीं करते हैं। 200 अंतरराष्ट्रीय मैच मेरे लिए अविश्वसनीय उपलब्धि है। रोनाल्डो सहित उनकी टीम ने मैच में कई मौके गंवाए, लेकिन अंत में पुर्तगाल की टीम को सफलता मिल गई। रोनाल्डो ने इस मैच से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह यूरो कप 2024 के लिए तैयार हैं।

### मेसी से काफी आगे रोनाल्डो

सबसे ज्यादा मैच की बात करें तो रोनाल्डो के बाद दूसरे नंबर पर कुवैत के बदर अल मुतावा हैं। उन्होंने 196 मैच खेले हैं। मेसी 175 मैचों के साथ लिस्ट में 11वें स्थान पर हैं, जबकि भारत के सुनील छेत्री ने 137 मैच खेले हैं। अंतरराष्ट्रीय गोल के मामले में रोनाल्डो के बाद ईरान के पूर्व फुटबॉलर अली डेई का नाम आता है। उन्होंने 148 मैचों में 109 गोल दागे थे। पिछले साल फीफा वर्ल्ड कप में रोनाल्डो ने इस रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था।

## हुसैनाबाद भाजपा कार्यालय समेत कई संस्थानों में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का लिया संकल्प**

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने योग कर स्वस्थ रहने का संकल्प लिया। भाजपा कार्यालय में पार्टी के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, अशोक सिंह, रामप्रवेश सिंह, उदयनाथ विश्वकर्मा, अजय प्रसाद गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, सुबोध कश्यप आदि मौजूद थे। पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में कर्नल संजय सिंह के नेतृत्व में आइटीआइ कॉलेज परिसर में किरण गुप्ता की ओर से योग के कई आसनों व सूक्ष्म व्यायाम के बारे में जानकारी दी गयी। वहीं, स्थानीय एके सिंह कॉलेज में प्राचार्य सूर्यमणि सिंह के नेतृत्व में शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने योग किया। एनएसएस के नोडल पदाधिकारी प्रो राजेश सिंह, आनंद कुमार, प्रो आलोक रंजन ने योग के कई प्रारूपों के बारे में प्रकाश डाला। वहीं, सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय परिसर में कृष्णकांत दूबे के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया। संढ़ा स्थित आरपीएस पब्लिक स्कूल में प्राचार्य मनुज शर्मा के नेतृत्व शिक्षिका अमृता व रानी ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, पंचायत मुख्यालयों में भी योग दिवस मनाया गया। पथरा पंचायत में मुखिया नरेश पासवान, महुअरि पंचायत में मुखिया सरिता कुमारी, पोलडीह पंचायत में मुखिया संजू देवी, दंगवार में मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, देवरी खुर्द में मुखिया ममता देवी, बनियाडीह बराही में सुदामा यादव व महुदंड में मुखिया मीना देवी के नेतृत्व में योग दिवस मनाया गया।

### कोयलांचल में 'करें योग रहें निरोग' के संदेश के साथ मनाया गया विश्व योग दिवस

# योग से मन, शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं: डीसी

**जिला प्रशासन से लेकर राजनीतिज्ञों ने किया योग**

आजाद सिपाही टीम

**धनबाद।** अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर पूरे धनबाद कोयलांचल में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन से लेकर राजनीतिक पार्टियां, शिक्षण संस्थान से लेकर समाजसेवी संस्थाओं ने दिन की शुरूआत योग से की। जिला प्रशासन द्वारा सिंफर के फुटबॉल ग्राउंड में योग दिवस मनाने की तैयारी की गई थी। पर अचानक आयी बारीश की वजह से प्रशासनिक अधिकारियों ने कम्यूनिटी भवन में योगा किया। डीसी संदीप सिंह ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय पद्यति है। योग के माध्यम से शरीर, मन और आत्मा को एक साथ लाया जाता है। योग के माध्यम से मन, शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ्य रखा जा सकता है। वहीं सांसद पशुपति सिंह ने जोड़ाफाटक स्थित बैंक मोड़ टीओपी के समीप मैदान में योग किया। धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने नावाडीह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में योग दिवस की शुरूआत दीप जलाकर कर किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से ही आज पूरा विश्व योग दिवस मना रहा है। योगा को हमें अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। योग से हम मानसिक और शारीरिक समस्याओं का निदान कर सकते हैं। आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है और इसे अपने दिनचर्या में शामिल कर रहा है। वहीं रागिनी सिंह में अपने आवास सिंह मेंशन में योग किया। इसके अलावे धनबाद के आईआईटी आईएसम सहित दर्जनों स्थानों पर योग दिवस मनाया गया। इसके अलावे झरीया, कतरास, बाघमारा, महुदा निरसा, चिरकुंडा, मैथन, सिंदरी, इत्यादि क्षेत्रों में भी योग दिवस की धूम रही।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न जगहों पर आयोजित योगा कार्यक्रम में शामिल होकर योग करते सांसद, विधायक व रागिनी सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा व आरएसएस ने संयुक्त रूप से किया योग

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** भाजपा एवं आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को संयुक्त रूप से भारत माता विवाह मंडप जीएम कॉलोनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। यहां मुख्य रूप से मौजूद गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय और बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल ने कहा कि योग हमारी प्राचीन पद्धति रही है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर पहुंचाया और आज पूरे विश्व ने उसे स्वीकार कर भारत के गौरव को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि योग शरीर और मस्तिष्क के लिए फायदेमंद होता है। योग आध्यात्मिक अभ्यास है जो शांति, आत्मविश्वास और साहस को बढ़ाता है। योग के माध्यम से तन, मन व मस्तिष्क की गतिविधियों को और बेहतर तरीके से किया जा सकता है। योग एक ऐसा अभ्यास है, जो आपको कई तरह की बीमारियों से दूर रखता है। ऐसे में नियमित योगाभ्यास की सलाह दी जाती है। योग के महत्व को समझते हुए दुनियाभर को जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाने की शुरूआत हुई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम, वार्ड पार्षद भरत वर्मा, शिवलाल रविदास, कमलेश महतो, मंचू सिंह, विवेश सिंह, मदन गुप्ता, रमेश स्वर्णकार, टुनटुन तिवारी, प्रशांत सिंह उर्फ सनी, विनय वर्णवाल, पंकज पांडेय, गजेंद्र प्रसाद सिंह, बासुकी नाथ, लालमोहन महतो, मनोज कुमार, कमलेश नोनीया, जंगबहादुर सिंह, प्रवीण वर्णवाल, राजेश शर्मा, संजय प्रसाद, आंनद कुमार, आशुतोष सिंह, देवनारायण महतो आदि लोग मौजूद थे।

# आरएसएस ने किया योग शिविर का आयोजन

**जैनामोड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बुधवार को जैनामोड़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने संयुक्त रूप से योग किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की एक प्राचीन विद्या है, जो शरीर से लेकर मन को नूतन ऊर्जा एवं शुद्धि प्रदान करता है। हम सभी योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं निरोगी रह सकते है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्तर पर योग को पहुंचाया और आज पूरे विश्व ने उसे स्वीकार कर भारत का गौरव बढ़ाया है।


## कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा

*Phone Number:- 06526-222064*   *email-id:* lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 08/2023–24   दिनांक 17.06.2023

| क्र0सं0 | योजना का नाम | प्रखण्ड का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मध्य विद्यालय, ब्रमण्डीहा चट्टी के पास सोलर द्वारा पानी सप्लाई मरम्मति कार्य | भण्डरा | 269900.00 | 750.00 | 5400.00 | 03 (तीन) माह |
| 2 | ग्राम मसमानो साहु सरना टोली में पक्की नाली निर्माण | भण्डरा | 2028500.00 | 5000.00 | 40600.00 | 03 (तीन) माह |
| 3 | ग्राम भुजनिया छोटकु सिंह के घर से फुटकल पेड तक पक्की नाली निर्माण | लोहरदगा | 1886500.00 | 5000.00 | 37800.00 | 03 (तीन) माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | 23.06.2023 |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय | :– | 28.06.2023 / 05:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | :– | 01.07.2023 / 02:00 बजे अपराह्न तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि व समय | :– | 01.07.2023 / 04:00 बजे अपराह्न में |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |
| 7 | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | :– | जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा |

नोट – 1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं । संवेदक का U-Can में निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR300504 (Lohardaga)23-24*D


# बीएसएल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बोकारो क्लब परिसर में बीएसएल की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी वीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) चित्त रंजन मोहापात्रा, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अमिताभ श्रीवास्तव, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस) जॉयदीप दासगुप्ता और बोकारो इस्पात संयंत्र के वरीय अधिशासी, कर्मचारी सहित उनके परिवार के साथ बीएसएल स्कूल की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में बोकारो के सेक्टर-4 स्थित योग केंद्र के योग गुरु कृष्ण बंधु मिश्रा आदि मौजूद थे।

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बुधवार को 26वीं बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के चार स्थित वाहिनी मुख्यालय में बोकारो के पुलिस उपमहानिरीक्षक बृजेश सिंह और 26वीं बटालियन के कमांडेंट कमलेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें 26 बटालियन व पुलिस महानिरीक्षक बोकारो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के राजपत्रित अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी जवानों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया।

# डुमरी उपचुनाव की तैयारी को लेकर बैठक



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश चंद्र झा ने अनुमंडल के सभी पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों के साथ बुधवार को बैठक कर 3-4 सालों से लंबित केशो की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया। लोगों के बीच अच्छा माहौल एवं शांति बने रहे इस पर भी चर्चा की गई। आगामी दिनों में डुमरी विधानसभा उपचुनाव की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उप चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराया जयेगा।

# फुसरो नप की अगुवाई में किया गया योग

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नगर परिषद की ओर से बुधवार को हिंदुस्तान पुल के नीचे दामोदर नदी के तट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यहां सीओ मनोज कुमार, बीडीओ मधु कुमारी सहित नगर परिषद के कर्मी संयुक्त रूप से योग किया। मनोज कुमार और मधु कुमारी ने कहा कि योग एक ऐसा जीवन बीमा है जिसमें बिना पूंजी लगाए लाभ मिलता है। इसे नियमित रोजाना करने से हर प्रकार के बीमारियों से दूर रहा जा सकता है। सभी को रोज योग को अपने जीवन उतारने की जरूरत है। मौके पर राजीव रंजन कुमार, शंकर कुमार, रवि कुमार, सूरज कुमार आदि मौजूद थे।

# जनहित से जुड़े मुद्दों व झरिया में प्रदूषण को लेकर सीएमडी से मिले कांग्रेस जिलाध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन जा कर सीएमडी समीरन दत्ता से मिले और मांग पत्र सौंपा। सीएमडी को दिए मांग पत्र में उन्होंने कोयला खनन में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने, झरीया व आसपास के क्षेत्रों में सीएसआर के तहत मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। इसके अलावे प्रशिक्षित अप्रेंटिस बेरोजगारों को वादा अनुसार आउटसोर्सिंग में नौकरी, झरीया के लिलोरिपथरा, छलछलिया धौड़ा, बनियाहिर, सब्जी बगान से सटे खनन परियोजनाओं में ब्लास्टिंग और ओबी डंप करने के दौरान प्रदूषण पर अविलंब संज्ञान लेने सहित दिन में कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे हाइवा का मुख्य सड़क पर परिचालन बंद करने की मांग की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इन तमाम बातों पर बीसीसीएल अगर गंभीर और सकारात्मक कदम नहीं उठाता है तो जिला कमेटी पार्टी आलाकमान से मिलकर इन मुद्दों को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगी। इस दौरान नवनीत नीरज, इरफान खान चौधरी, सुरज झा, याजुद्दीन अंसारी संतोष कुमार भी मौजूद थे।

# अधिकारियों ने फिर करायी मुहाने की भराई

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा थाना क्षेत्र में अवैध कोयला धंधेबाज और बीसीसीएल प्रबंधन के बीच तू डाल डाल तो मैं पात पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। प्रबंधन स्थानीय पुलिस, सीआइएसएफ और वन विभाग के लोगों की संयुक्त टीम के साथ मिलकर जहां भी अवैध मुहानों की भराई कर रहा है। उसी स्थान पर कोयला तस्करी से जुड़े लोग अपनी मशीन लगाकर फिर से मुहानों को खोलकर अवैध कारोबार को लगातार अंजाम दे रहे हैं। पिछले दो माह में स्थानीय बीसीसीएल प्रबंधन ने सात बार अवैध कोयला मुहानों की भराई कराई। बावजूद इसके धंधे से जुड़े लोग प्रत्येक बार अपना तिकड़म लगा उक्त मुहानों को दोबारा खोल देते है। बुधवार को फिर से आठवीं बार भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जमुनिया नदी किनारे खोले गए अवैध मुहानों की डोजरिंग कराई गई। मुहाने के भराई के दौरान ब्लॉक दो क्षेत्र के नॉडल पदाधिकारी राजीव रंजन, एबीओसीपी पीओ केके सिंह, केके दत्ता, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राजीव कुमार, सेफ्टी अधिकारी बी बंधोपाध्याय, बाघमारा पुलिस तथा वन विभाग के जवान भारी संख्या में मौजूद थे।

### होरलाडीह व जहाजटांड में कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास

# जनता सरकार की योजनाओं से जुड़े और उसका लाभ उठाये: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने भौंरा के जहाजटांड और झरिया के होरलाडीह स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास बुधवार को किया। दोनों कब्रिस्तानों में लगभग 50-50 लाख रुपये की लागत से चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से कराया जाएगा। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि जनहित एवं लोगों के कल्याण के लिए सरकार प्रयासरत है। स्थानीय लोगों द्वारा सुझाए गए आवश्यक कार्यों को भी पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कई योजनाएं धरातल पर आकार ले रही है। पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण सहित अन्य सामाजिक कार्यों को पूरा किया जा रहा है। राज्य सरकार की कई योजनाओं से आम लोगों को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए प्रयासरत हूं। जनता सरकार की योजनाओं से जुड़े और उनका लाभ उठाएं। बताते चलें कि पूर्व में इन दोनों कब्रिस्तान में चाहरदीवारी निर्माण को लेकर झरीया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, डीसी के माध्यम से विभाग को अनुशंसा किया था।


## कार्यालयः-जिला गव्य विकास पदाधिकारी, खूँटी

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

**(पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0 10 रा0 वि0, दिनांक–14.06.2023 के द्वारा निर्धारित लक्ष्य आलोक में निम्नलिखित गव्य विकास की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिये खूँटी जिला के इच्छूक ग्रामीण कृषकों/पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी से योजना–वार विहित आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर उक्त आवेदन प्रपत्र पर संबंधित पंचायत के ग्राम सभा की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरण सहित जिला गव्य विकास कार्यालय, खूँटी में दिनांक– 05.07.2023 के अपराह्न 05:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | दो दुधारू गाय | 1,35,050.00 | 75 प्रतिशत | 75 प्रतिशत (सभी महिला लाभुकों के लिए) (कंडिका–5 के महिला लाभुकों को छोड़कर) |
| 1.2 | दो दुधारू गाय | 1,35,050.00 | 90 प्रतिशत | 90 प्रतिशत (आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त महिला/दिव्यांग महिला लाभुकों के लिए। |
| **2.0 कामधेनु डेयरी फार्मिंग** | | | | |
| 2.1 | 5 गाय की मिनी डेयरी | 3,37,625.00 | 50 प्रतिशत (75 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | लधु उद्यमी/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समुह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालक |
| 2.2 | 10 गाय की मिनी डेयरी | 6,75,250.00 | 50 प्रतिशत (75 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | |
| **3.0 चारा काटने की मशीन** | | | | |
| 3.1 | हस्त चालित | 8,000.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | न्यूनतम 5 उन्नत/संकर नस्ल के दुधारू पशुपालक |
| 3.2 | विद्युत चालित | 20,000.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | न्यूनतम 5 उन्नत/संकर नस्ल के दुधारू पशुपालक |
| **4.0 प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता** | | | | |
| 4.1 | मिल्कींग मशीन | 1,20,000.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | प्रगतिशील दूध उत्पादक/डेयरी उद्यमी |
| 4.2 | पनीर एवं खोआ मेकिंग युनिट | 1,00,000.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | |
| 4.3 | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | प्रगतिशील दूध उत्पादक/डेयरी उद्यमी |
| 4.4 | काउ मैट | 5,200.00 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | |
| **5.0 तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण** | | | | |
| 5.1 | संतुलित पशुआहार का वितरण | 24 रू0 प्रति कि0ग्रा0 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | 10 दुधारू पशु अथवा इससे कम पशु रखने वाले दुग्ध उत्पाद। |
| 5.2 | एरिया स्पेसिफिक मिनरल मिक्चर/अन्य मिनरल मिक्चर का वितरण | 120 रू0 प्रति कि0ग्रा0 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | |
| 5.3 | शीतवर्द्धक सप्लीमेंट का वितरण | 60 रू0 प्रति कि0ग्रा0 | 75 प्रतिशत (90 प्रतिशत अनु0जाति/जनजाति) | |

- उपरोक्त मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत् गाय की योजना में शेड का पक्का निर्माण कर लाभुक को उपलब्ध कराया जायेगा।
- विशेष जानकारी के लिए कार्यालय के सूचनापट्ट पर एवं जिला के ***Website*** WWW.KHUNTI.NIC.IN पर उपलब्ध है।

जिला गव्या विकास पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 300535 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 23-24 (D)

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में 21 जून 2023 को 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, प्रो। चक्रधर त्रिपाठी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विश्वविद्यालय समुदाय को बधाई दी और योग के माध्यम से स्वयं द्वारा छिपे आनंद के भंडार को खोजने का प्रयास करके अखंड आनंद से धन्य होने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आनंद (आनंद) पाने का प्रयास योग है; योग के माध्यम से श्रद्धा के साथ पूर्णब्रह्म से जुड़ना बहुत खुशी (महानंदा) है। यह प्रयास अनादि काल से भारत के महान व्यक्तियों (मनीषी) द्वारा जारी रखा गया है। योग के मूल्य और महत्व को समझते हुए, दुनिया आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। विकास के नाम पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी दुनिया को विनाश की ओर खींच रहे हैं। इस संदर्भ में मानव विकास के नाम पर उन्होंने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के जाल से दूर रहकर और अपने साथ छिपे भंडार को खोजकर वह पूरी दुनिया को अपना परिवार समझकर सबको खुशी देने का प्रयास कर सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय समुदाय से स्वस्थ, सुंदर और समृद्ध जीवन के लिए योग को दैनिक जीवन के अभिन्न अंग के रूप में शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सलाहकार प्रो भीभास चंद्र झा; शैक्षिक सलाहकार, प्रोफेसर शुद्धेंदु मंडल; स्कूल ऑफ बायोडायवर्सिटी एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज के डीन प्रोफेसर शरत कुमार पालिता; स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज के डीन, प्रोफेसर नृसिंह चरण पांडा; हिंदी विभाग के प्रोफेसर हेमराज मीणा ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। उत्साही योग विशेषज्ञ जय कृष्ण पाधन ने सामान्य योग प्रोटोकॉल दिशानिर्देशों के अनुसार विभिन्न योग आसन किए। भ्रामरी, ध्यान, सीताली, कपालाभाती, नादिसोधन, सबासन, पवन मुक्तासन, अर्धहलासन, उत्तानापादासन, सेतुबंधासन, भ्रुजांगासन, मकरासन, बकरासन, उत्ताना मंडुकासन, ससाकासन, उष्ट्रासन, अर्धोत्सवासन, बजरासन, भद्रासन, अर्धचक्रासन, ताड़ासन जैसे शरीर के विभिन्न आंदोलनों जैसे घुटने की गति, कंधे की गति और अभ्यास किया गया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ. फगूनाथ भोई ने कार्यक्रम का समन्वय किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन उप निबंधक सुश्री पारुल यादव ने किया। योग सत्र में बड़ी संख्या में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें डॉ जयंत कुमार नायक, परीक्षा नियंत्रक; डॉ देवव्रत पांडा, सहायक प्रोफेसर और डॉ बिजयानंद प्रधान, सहायक लाइब्रेरियन।

# कीट-कीस में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत के विभिन्न हिस्सों में जहां 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, वहीं बुधवार को कीट- कीस में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम थाः बासुधेव कुटुम्बकम'। इस मौके पर कीट विश्वविद्याल में सुबह 6 बजे योगाभ्यास किया गया जहां कीट- कीस और कीम्स के करीब 5 हजार छात्र, शिक्षक और कर्मचारीगण एक साथ योगाभ्यास किये। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कीट विश्वविद्याल की कुलपति प्रोफेसर सस्मिता सामंत ने कहा कि भारत में योग की शुरूआत प्राचीन काल से हुआ । भारत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग को बढ़ावा देने का बीड़ा उठाया है। अब योग ने पूरी दुनिया में लोकप्रियता हांसिल कर ली है। प्रो सामंत ने कहा कि योग के माध्यम से हम खुद को स्वस्थ रख सकते हैं और मानसिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. ज्ञान रंजन मोहंती, कीस विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रशांत कुमार राउतराय, सभी स्कूल और विभागीय डीन, निदेशक और कर्मचारीगण उपस्थित होकर योगाभ्यास किये। योग कार्यक्रम का संचालन कीट स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड योगा द्वारा किया गया।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 21 जून, 2023 को 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया, जिसकी थीम वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग थी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन) और कोयला खनन परियोजनाओं के नामित प्रमुक शामिल थे। श्रीवास्तव ने कहा योग लाभकारी है और हमें फिट रखने में मदद करता है, यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार किया गया है और दुनिया भर में इसका अभ्यास किया जाता है। भारत में योग प्राचीन काल से चला आ रहा है, समय के साथ-साथ योगाभ्यास में नए-नए आविष्कार हुए हैं। इसे नियमित अभ्यास से जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए निवारक दवा के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि योग आत्म-साक्षात्कार की यात्रा है, यह तनाव प्रबंधन के लिए बहुत प्रभावी साबित हुआ है और 20 दिनों के ऑनलाइन योग सत्र के आयोजन के लिए एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय की टीम की। सराहना की, जो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपन्न हुई। योग सत्र का संचालन योग गुरु श्री रमानी रंजन पाणिग्रही ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार किया। ईस दौरान प्रदर्शित विभिन्न योग आसनों से लाभान्वित होने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और सहयोगियों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया।

# संबलपुर मंडल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर मंडल में 21 जून- 2023 को संबलपुर रेलवे सामुदायिक भवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में इस आयोजन मे सहभागिता दी और कहा कि योग स्वस्थ जीवन जीने के लिए जीवन का एक तरीका है। इस अवसर पर रेलवे सामुदायिक भवन में अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी, संबलपुर के प्रताप प्रधान व अन्य सदस्यों ने योग सत्र का संचालन किया। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह, रेलवे अधिकारी, पूर्व तट रेल महिला कल्याण संगठन, संबलपुर के सदस्या, रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने योग सत्र में भाग लिया। संबलपुर मंडल के सभी स्टेशनों और इकाइयों में भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज ओड़िशा आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल दो दिवसीय दौरे पर ओड़िशा आ रहे हैं। श्री नड्डा 22 तारीख को शाम 4 बजे झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद झारसुगुड़ा जिला कार्यालय का दौरा करेंगे और बरगड लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और चर्चा करेंगे। श्री नड्डा बुर्ला स्थित एमसीएल अतिथिगृह में रात्रि विश्राम करेंगे। 23 तारीख दिन भवानीपटना पहुंचकर वह अधिष्ठात्री देवी मां मानिकेश्वरी के दर्शन करेंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। उसके बाद वह स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मोदी सरकार की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित महा जनसंपर्क सभा में शामिल होंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा स्थानीय क्षेत्र के प्रमुख लोगों और कलाहांडी लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकताओं से मिलेंगे और चर्चा करेंगे। राज्य साधारण संपादक गोलक महापात्र ने कहा कि श्री नड्डा दोपहर में झारसुगुड़ा पंहुच कर दिल्ली कि और रवाना होंगे।

## टाइम्स ऑल इंडिया रैंकिंग : आइटीइआर पूर्व में शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन एंड रिसर्च आईटीईआर, शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय को टाइम्स ऑल इंडिया द्वारा इंजीनियरिंग संस्थानों में देश में तीसरे स्थान पर रखा गया है। 2023 के लिए इंजीनियरिंग संस्थान रैंकिंग सर्वेक्षण। 1996-97 में स्थापित आईटीईआर को मंगलवार को प्रकाशित रैंकिंग के अनुसार, ओडिशा के साथ-साथ पूर्वी क्षेत्र में भी शीर्ष रैंक वाले इंजीनियरिंग संस्थान घोषित किया गया है। आईटीईआर को देश के शीर्ष 125 निजी इंजीनियरिंग संस्थानों में भी दूसरा स्थान मिला, जबकि अनुसंधान के क्षेत्र में आईटीईआर को देश में चौथा स्थान मिला, जो पूर्वी क्षेत्र में किसी भी संस्थान द्वारा प्राप्त उच्चतम रैंक है। यह सर्वे देश के 170 इंजीनियरिंग संस्थानों पर किया गया था।**

# टाटा स्टील मेरामंडली ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर नरेंद्रपुर।** टाटा स्टील मेरामंडली टीएसएम ने बुधवार को हाउसिंग कॉलोनी के किसिंदा क्लब में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए योग और जुंबा सत्र आयोजित कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य टीएसएम कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना और नियमित योग को अभ्यास करना। इस कार्यक्रम में स्वीकृत प्राप्त प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में 100 से अधिक लोगों ने इस योग दिवस में भाग लिया।

# गुंडिचा मंदिर के सामने तीन रथः आज पंहुचा दर्पदलन और नंदीघोष रथ

**भूवनेश्वर पुरी (आजाद सिपाही)।** गुंडिचा मंदिर के सामने तीन रथ पंहुचा। रथ खींचने का कार्यक्रम मंगलवार अपराह्न से शुरू हुआ और बुधवार सुबह समाप्त हुआ। आज दर्पदलन और नंदीघोष रथ शरधावालि पहुंचा। श्री बलभद्र का तालध्वज रथ सबसे पहले कल यानी मंगलवार को शरधावालि में लगा था। कल अपराह्न 3.10 बजे तालध्वज रथ सबसे पहले शरधावालि की ओर चला, देवी सुभद्रा की दर्पदलन रथ 03.55 बजे और महाप्रभू का नंदीघोष रथ 04.40 बजे शरधावालि की और चला। हरिबोल की ध्वनि और घंटियों की ध्वनि के साथ भक्तों ने सबसे पहले बलभद्र के तालध्वज रथ को शरधावालि की ओर खींचा। समय की देरी के कारण महाप्रभु का नंदीघोष का रथ गलगंडी चौक पर रुक गया, जबकि देवी शूभद्रा की दर्पदलन रथ बडशंख में रुक गया। बुधवार को सुबह आधे रास्ते में रोके गए नंदीघोष और दर्पदलन रथों को भक्तों ने श्रद्धा के साथ शरधाबालि की ओर खींच कर पंहाचाए।



## एम्स भुवनेश्वर में नौवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना

# योग का नैदानिक हस्तक्षेप, समय की आवश्यकता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** उपचार प्रक्रिया को तेज और बेहतर बनाने के लिए योग का नैदानिक एकीकरण समय की आवश्यकता है। 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने कहा कि खुद को शांत रखने के लिए तनाव का प्रबंधन करना, सर्जरी के बाद के पुनर्वास में योग बहुत मददगार है। डॉ. बिस्वास ने एक संदेश के माध्यम से बताया है कि एम्स भुवनेश्वर पुनर्वास प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न विभागों के साथ योग को एकीकृत करने की प्रक्रिया पर भी काम कर रहा है। पहले से ही, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, जनरल सर्जरी और कार्डियोलॉजी जैसे विभागों को विभिन्न उपचार प्रक्रियाओं में योग के साथ एकीकृत किया गया है, डॉ. बिस्वास ने कहा। आयुष विभाग, एम्स, भुवनेश्वर द्वारा निदेशक लॉन में आज 9वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग विषय पर आयोजित कार्यक्रम में डीन डॉ. पीआर महापात्र, चिकित्सा अधीक्षक (प्रभारी) डॉ. प्रभास रंजन त्रिपाठी, एचओडी/आयुष और एसएमओ डॉ. प्रशांत कुमार साहू ने भाग लिया। योग दिवस में अन्य संकायों में एमबीबीएस, नर्सिंग, पैरा-मेडिकल छात्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों और जनता ने भाग लिया। योग प्रशिक्षक संतोष कुमार साहू ने योगाभ्यास किया, वहीं डॉ सुभाशीष सरकार (होम्योपैथी) ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार, आयुष विभाग के सहयोग से सामुदायिक चिकित्सा और परिवार चिकित्सा विभाग (सीएमएफएम) ने सरकार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। हाई स्कूल, आईआरसी गांव (वार्ड संख्या 25), नयापल्ली आज। इस अवसर पर डॉ. स्वयं प्रज्ञान परिदा, डॉ. प्रज्ञा परमिता गिरि ने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए हमारे जीवन में योग के महत्व पर जोर दिया। योग प्रशिक्षक संतोष कुमार साहू ने छात्रों और शिक्षकों को योग मुद्रा का प्रदर्शन किया। संस्थान के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार बेहरा ने इस आयोजन के लिए एम्स को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यहां यह ध्यान दिया जा सकता है कि एम्स भुवनेश्वर लोगों के बीच आयुष को बढ़ावा देने के लिए सभी कदम उठा रहा है। साथ ही संस्थान ने तनाव और काम के बोझ को कम करने के लिए कार्यस्थल पर योग की शुरूआत की है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**